


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 234

ग्वालियर, शनिवार, 16 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


# मैं पूरे देश को विजयादशमी की हार्दिक बधाई देता हूं: मोदी

### पीएम बोले- सरदार पटेल की विरासत को आगे बढ़ा रहा गुजरात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा मैं आप सभी को और पूरे देश को विजयादशमी की हार्दिक बधाई देता हूं। पीएम ने आज सौराष्ट्र पटेल सेवा समाज द्वारा बनाए गए होस्टेल फेज -1 के भूमिपूजन का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सौराष्ट्र पटेल सेवा समाज द्वारा आज विजयादशमी को एक पुण्य कार्य का शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि गुजरात के लोग उन मूल्यों को मजबूती से आगे बढ़ा रहे हैं। सौराष्ट्र पटेल सेवा समाज द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में आज की गई एक पहल भी इसी कड़ी का एक हिस्सा है। पीएम ने कहा कि मुझे बताया गया है कि साल 2024 तक दोनों फेज का काम पूरा कर लिया जाएगा। कितने ही युवाओं को बेटे-बेटियों को आपके इस प्रयासों से एक नई दिशा मिलेगी। उन्हें अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिलेगा। मैं इस प्रयासों के लिए सौराष्ट्र पटेल सेवा समाज को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मुझे इस बात से भी बहुत संतोष है कि सेवा के इन कार्यों में समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का प्रयास है। साथियों जब मैं अलग-अलग क्षेत्रों में सेवा के इन कार्यों को देखता हूं तो मुझे गर्व होता है कि गुजरात किस तरह से सरदार पटेल की विरासत को आगे बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार साहब ने कहा था जाति और पंथ को हमें रुकावट नहीं बनने देना है। हम सभी भारत के बेटे-बेटियां हैं। हम सभी को अपने देश से प्रेम करना चाहिए। परस्पर स्नेह और सहयोग से अपना भाग्य बनाना चाहिए। हम खुद इसके साक्षी हैं कि सरदार साहब की इन भावनाओं को गुजरात ने किस तरह हमेशा मजबूती दी है। राष्ट्र प्रथम यह सरदार साहब की संतानों का जीवन मंत्र है। आप देश-दुनिया में कहीं भी चले जाईये गुजरात के लोगों में यह जीवन मंत्र आपको हर जगह दिखेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान राम के अनुसरण का अर्थ है- मानवता का और ज्ञान का अनुसरण। इसलिए गुजरात की धरती से बापू ने रामराज्य के आदर्शों पर चलने वाले समाज की कल्पना की थी। उन्होंने कहा कि भारत इस समय अपनी आजादी के 75वें वर्ष में है। ये अमृतकाल हमें नए संकल्पों के साथ ही, उन व्यक्तित्वों को याद करने की भी प्रेरणा देता है, जिन्होंने जनचेतना जागृत करने में बड़ी भूमिका निभाई। आज की पीढ़ी को उनके बारे में जानना बहुत आवश्यक है।



## रावण को लोग श्रद्धा से याद करते हैं, रावण का पुतला नहीं जलाते

**बैजनाथ।** सुनने में भले ही कुछ अटपटा लगे। लेकिन यह सच है कि पूरा देश जहां विजयदशमी के हर्षोल्लास में डूब रहा होगा, वहीं हमारे ही देश में एक ऐसा स्थान भी है। जहां न तो लंका दहन होगा व न ही रावण के पुतले जलाये जायेंगे। हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के बैजनाथ कस्बे में लोग सदियों से रावण को बुराई का प्रतीक नहीं मानते व यहां दशहरा नहीं मनाया जाता। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। आज भी इसे लोग निभा रहे हैं। रावण को स्थानीय लोग पूरी श्रद्धा से याद करते हैं। जिसके चलते यहां रावण का पुतला जलाना निषेध है। लोगों का मानना हैं कि पुतला जलाने से भगवान शिव नाराज हो जाते हैं। बताया जाता है कि इस जगह लंकापति रावण ने भगवान शिव जी की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न किया था। मान्यता है कि यहां पर भगवान शिव के जिस शिवलिंग की स्थापना हुई है, उसे रावण यहां लाया था। यहां भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए रावण ने अपने सिर को भी अर्पित कर दिया था। हिमालय पर सदियों तक तपस्या करने के बाद भगवान शिव ने रावण को दर्शन दिए और वरदान मांगने को कहा था। रावण की पूजा से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उसे दशानन (दस सिर) का आशीर्वाद दिया था, तब शिव ने कहा था कि शिवलिंग को ले जाओ मगर इसे धरती पर जहां रखोगे वहां पर यह भूमि में समा जाएगा और वहां पर शिव मंदिर बन जाएगा। रावण शिवलिंग को लेकर जब बैजनाथ के करीब से गुजर रहे थे तब उन्हें लघु शंका के कारण यहां पर आराम कर रहे एक राहगीर को शिवलिंग पकड़ा और कहा कि इसे धरती में न रखना और वह लघु शंका से मुक्त होकर वापस ले लेंगे। रावण लघुशंका के लिए गए और राहगीर उस शिवलिंग के भार को सह न सका और उसे धरती पर रख दिया जहां पर आज बैजनाथ शिव मंदिर है और यहां पर अब हजारों श्रद्धालु शिव भक्ति करते हैं। वहीं मंदिर के निकट ही एक अन्य शिव मंदिर है जहां पर एक चट्टान है जिसे रावण का पैर माना जाता है। लोग यहां पर रावण व शिव दोनों की भक्ति करते हैं।

## खास खबर

### देश में अब तक 100 करोड़ से अधिक लोगों को लगी कोरोना वैक्सीन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अब तक कोविड-19 टीकों की 100 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। उसने कहा कि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पास अब भी 10.53 करोड़ से अधिक (10,53,11,155) खुराक उपलब्ध हैं जिनका उपयोग किया जाना है। मंत्रालय ने कहा कि टीकों की उपलब्धता बढ़ने से टीकाकरण अभियान में तेजी आई है। राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों को टीकों की उपलब्धता का पहले से पता चलने से वे बेहतर योजना बना सकते हैं तथा टीकों की आपूर्ति श्रंखला भी व्यवस्थित रहती है। मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के हिस्से के तहत, राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को मुफ्त में टीके उपलब्ध कराकर केन्द्र उनका समर्थन कर रहा है।

### खाली मालगाड़ी के 24 डिब्बे पलटे

**लखनऊ।** अंबियापुर के पास दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर शुक्रवार सुबह खाली मालगाड़ी के 24 डिब्बे पलट गए। यह दुर्घटना कानपुर रेलवे स्टेशन से करीब पचास किलोमीटर दूर हुई। हादसे में जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं हैं लेकिन ट्रेनों का आवागमन बाधित हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेल यातायात बहाल करने के प्रयास जारी हैं।उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवम शर्मा ने को बताया कि शुक्रवार सुबह करीब सवा चार बजे कानपुर रेलवे स्टेशन से पचास किलोमीटर दूर अंबियापुर और रूरा के बीच गाजियाबाद से मुगलसराय जा रही खाली मालगाड़ी के 24 डिब्बे पलट गये। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है लेकिन इससे दिल्ली-हावड़ा की अप और डाउन लाइन पर ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया। शर्मा ने बताया कि इस हादसे के कारण टुंडला-कानपुर मार्ग पर लोकल ट्रेनों और लंबी दूरी की कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया गया। इसके अलावा कुछ ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ रेल अधिकारियों की टीम सुबह से ही घटनास्थल पर तैनात है और आवागमन बहाल करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

### ऋतिक रोशन ने दशहरा के शुभ अवसर पर विक्रम वेधा की शूटिंग की शुरू!

**मुम्बई।** सुपरस्टार ने दशहरा के शुभ अवसर पर सेट पर अपनी वापसी की घोषणा करते हुए इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दो पोस्ट शेयर किए है जिसमें उन्होंने अपने प्रशंसकों को अपनी नई शुरुआत के बारे में बताया है। अपने सिग्नेचर ह्यूमर में, अभिनेता ने पोस्ट किया, प्रशंसक ऋतिक रोशन की अगली बड़ी फिल्म के बारे में सुनने के लिए उत्सुकता से इंतजार कर रहे थे, खासकर उनकी आखिरी रिलीज़ वॉर के बाद से, जिसने भारतीय इतिहास में बॉलीवुड फिल्म के लिए सबसे ज्यादा ओपनिंग डे के आंकड़े दर्ज किए है। ऋतिक रोशन ने विक्रम वेधा के सेट से अपनी और टीम की एक तस्वीर पोस्ट की है।

### जईई एडवांस 2021 का परिणाम घोषित

**नई दिल्ली।** जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन एडवांस (जेईई एडवांस 2021) का परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया और इसके साथ ही टॉपर्स की लिस्ट भी जारी की गई है। आईआईटी दिल्ली के मृदुल अग्रवाल ने इस परीक्षा में टॉप किया है। उन्होंने 360 में से 348 (96.66 प्रतिशत) अंकों के साथ टॉप किया है। साल 2011 के बाद जेईई एडवांस परीक्षा में किसी छात्र द्वारा बनाया गया सार्वाधिक स्कोर है।

# पेट्रोल-डीजल के दाम में 35-35 पैसे की बढ़ोतरी



### दशहरा के उल्लास में आज भी पेट्रोल-डीजल ने भंग डाला

**नई दिल्ली।** दशहरा के उल्लास में पेट्रोल-डीजल ने आज भी भंग डाला है। आज पेट्रोल-डीजल के दाम में 35-35 पैसे की तगड़ी बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली में आज यानी शुक्रवार को इंडियन ऑयल के पंप पर एक लीटर पेट्रोल 105.14 और डीजल 93.87 रुपये में मिल रहा है। वहीं, रांची में पेट्रोल डीजल लगभग एक समान रेट पर बिक रहे हैं। अक्टूबर के इन 15 दिनों में पेट्रोल जहां 3.50 रुपये महंगा हो हुआ है, तो डीजल 4.00 रुपये। इस महीने की पहली तारीख को पेट्रोल जहां 25 पैसे व डीजल 30 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ था। पिछले महीने के अंतिम दिनों से जो पेट्रोल की कीमतें बढ़नी शुरू हुई, वह आज भी नहीं थमी है। बीच में कुछ दिनों के लिए इस पर विराम लगा था। जहां तक क्रूड ऑयल की बात है तो इस समय 85 डॉलर के आसपास है। झारखंड की राजधानी रांची में तो आज का पेट्रोल का भाव 99.60 रुपये तो डीजल का भव 99.07 रुपये प्रति लीटर है। दरअसल विदेशी मुद्रा दरों के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमत के आधार पर रोज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियां कीमतों की समीक्षा के बाद रोज़ाना पेट्रोल और डीजल के रेट तय करती हैं। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम रोज़ाना सुबह 6 बजे पेट्रोल और डीजल की दरों में

# दशहरा के अवकाश के कारण घरेलू शेयर बाजार बंद




**नई दिल्ली।** दशहरा के अवकाश के कारण घरेलू शेयर बाजार आज बंद रहेंगे। बीएसई की वेबसाइट पर दिए गए अनकाश के मुताबिक आज यानी 15 अक्टूबर को दशहरा के उपलक्ष्य में एक्सचेंज बंद रहेगा। इसके अलावा एनएसई में भी आज कोई कारोबार नहीं होगा। मेटल और बुलियन, होल सेल कमोडिटी मार्केट भी बंद रहेगा। इसके साथ ही कमोडिटी फ्यूचर मार्केट और फॉरेक्स में भी किसी तरह की कारोबारी गतिविधि नहीं होगी। इसके पहले शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला छठे कारोबारी दिवस गुरुवार को भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 569 अंक उछलकर नई ऊंचाई पर बंद हुआ। 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 568.90 अंक चढ़कर पहली बार 61,305.95 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, एनएसई निफ्टी 176.80 अंक की तेजी के साथ नये रिकार्ड स्तर 18,338.55 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और अनुकूल वृहत आर्थिक आंकड़े के बीच एचडीएफसी लि., एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक तथा आईटीसी शेयरों की अगुवाई में यह तेजी आई। सेंसेक्स के शेयरों में करीब तीन प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में आईटीसी रहा। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक और एनटीपीसी में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। थोक कीमत आधारित मुद्रास्फीति सितंबर महीने में नरम होकर 10.66 प्रतिशत रही। मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं के दाम नरम होने से थोक महंगाई दर कम हुई है। हालांकि कच्चे तेल के दाम में तेजी बनी हुई है। दूसरी तरफ टीसीएस, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स गिरावट वाले शेयरों में शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में लगातार तेजी का माहौल बना हुआ है।







# 14,000 फीट की ऊंचाई पर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने पूरी डेडीकेशन से शूट किए 'शेरशाह' के एक्शन सीन



बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा अब अपनी अगली फिल्म 'शेरशाह' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. धर्मा प्रोडक्शन के बैनर के तले बनी ये फिल्म अगले हफ्ते रिलीज होने वाली है. इस फिल्म की शूटिंग का एक बड़ा हिस्सा कारगिल में शूट किया गया है. जहां कई बड़े सीन्स को ग्राउंड जीरो पर भी फिल्माया गया है. कारगिल में ठंड के मौसम में इस फिल्म को शूट करना बहुत ही ज्यादा मुश्किल था. फिल्म को ज्यादा से ज्यादा रियल और ऑथेंटिक रखते हुए, शेरशाह के प्रमुख सीन्स को कारगिल में लगभग 14,000 फीट की ऊंचाई पर शूट किया गया था. जहां इन सभी सीन्स को खूबसूरत अंदाज में फिल्माने के लिए सिद्धार्थ ने इस बात को ठान लिया था कि वो इस फिल्म से दिखाए जाने वाले सारे सीन्स को खुद ही करने वाले हैं.

ऊंचाई की वजह से ऑक्सीजन की कमी के कारण सेट पर किसी भी चोट से उबरना बहुत मुश्किल था, लेकिन सिद्धार्थ ने चुनौतीपूर्ण वातावरण में भी पूरे डेडीकेशन के साथ सारे स्टंट एक्शन सीन किए जैसे के मानो उन्होंने खुदको इस किरदार में पूरी तरह समर्पित किया हो. फिल्म के ट्रेलर से सिद्धार्थ की कड़ी मेहनत दिखाई देती है , इससे पता चलता है कि टीम ने निश्चित रूप से कुछ यथार्थवादी एक्शन दृश्यों को पर्दे पर उतरने में सफलता हासिल की है.

इस फिल्म के ट्रेलर को 25 जुलाई को करगिल में लॉन्च किया गया था. ट्रेलर लॉन्च के दौरान वहां, विक्रम बत्रा का परिवार भी मौजूद था. आपको बता दें, ये पूरी फिल्म विक्रम बत्रा के जीवन की कहानी पर आधारित है. जहां फिल्म के ट्रेलर की देशभर में खूब तारीफ हुई है. वहीं बॉलीवुड सितारों ने भी इस ट्रेलर को खूब प्यार दिया है. जैसे कि,अक्षय कुमार आलिया भट्ट करीना कपूर वरुण धवन अनन्या पांडे, सारा अली खान और विक्की कौशल और कई सारे एक्टर्स ने भी अपने उत्साह को साझा करने और टीम को शुभकामनाएं भेजने के लिए अपने सोशल मीडिया के जरिए शुभकामनाएं दी है. जहां हाल ही में रिलीज हुई फिल्म के दोनों गाने राता लाबियां और रांझा दर्शकों को खूब पसंद आ रहे हैं. सिद्धार्थ और कियारा की जोड़ी पहली बार किसी फिल्म में साथ काम कर रही है।

## करण जौहर की फिल्म तख्त पर शुरू हुआ काम, 150 करोड़ रुपये में बनेगी फिल्म

निर्माता करण जौहर काफी समय से फिल्म तख्त को लेकर लाइम लाइट में रहे हैं। कुछ महीने पहले खबर आई थी कि करण के इस प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। अब इस प्रोजेक्ट को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। खबरों की मानें तो करण की फिल्म तख्त पर काम शुरू हो गया है। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन के काम को शुरू कर दिया गया है। यह फिल्म 150 करोड़ रुपये के बजट में बनेगी।



रिपोर्ट के मुताबिक, तख्त का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो गया है। एक सूत्र ने बताया, फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम फिर से शुरू हो चुका है। पहले फिल्म का प्रोड्यूसर पार्टनर स्टार इंडिया था, लेकिन उसे फिल्म के 150 करोड़ रुपये का बजट अधिक लग रहा था। इसलिए उसने प्रोजेक्ट से अपने हाथ खींच लिए थे। अब स्टार इंडिया की जगह लाइका प्रोडक्शंस फिल्म का प्रोड्यूसर पार्टनर हो सकती है। लाइका प्रोडक्शंस फिल्म के बजट को मुहैया करवाएगी। सूत्र ने बताया कि फिल्म की कहानी में जरूरी बदलाव किए जा रहे हैं। अब फिल्म की कहानी दारा शिकोह और औरंगजेब की आपसी लड़ाइयों के साथ उनके प्रेम संबंधों पर केंद्रित होगी। फिल्म में हिन्दू राजाओं के साथ जंग के प्लॉट को बदलने का विचार किया जा रहा है। फिल्म की शूटिंग तभी शुरू हो पाएगी, जब फिल्म के सभी कलाकारों के डेट्स मिल जाएंगे। हालांकि, अभी इस संबंध में आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इस फिल्म के अहम कलाकार अपने अलग-अलग प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं। आलिया भट्ट वर्तमान में अपने प्रोडक्शन में बनने वाली पहली फिल्म डार्लिंग्स को लेकर व्यस्त हैं। इसके अलावा उन्हें रणवीर सिंह के साथ करण की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को भी शुरू करना है। करण इस फिल्म में निर्देशन की कमान संभालेंगे। कलाकारों की तारीखें मिलने के बाद अगले साल के अंत तक फिल्म तख्त की शूटिंग शुरू हो सकती है। करण जौहर की इस फिल्म में शाहजहां के दो बेटों दारा शिकोह और औरंगजेब के बीच उत्तराधिकार की लड़ाई को फिल्माया जाएगा।

# लक्ष्मी मांचू ने बनाया अपना खुद का यूट्यूब चैनल




तेलुगु अभिनेत्री लक्ष्मी मांचू ने इस महीने की शुरूआत में अपना खुद का यूट्यूब चैनल लॉन्च किया है। अभिनेत्री को लगता है कि डिजिटल दुनिया का अधिकतम लाभ उठाने का यह सबसे अच्छा समय है। हालांकि अभिनेत्री को हमेशा इस उद्यम को शुरू करने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने इसे शुरू करने के लिए सही समय का इंतजार किया।

लक्ष्मी ने बताया, मुझे वर्षों से एक यूट्यूब चैनल शुरू करने के लिए कहा जा रहा था। मैंने पहले नहीं देखा था कि मैं इसे लेकर और क्या वैल्यू ला सकती हूं, लेकिन अब दुनिया को और अधिक डिजिटल होते हुए देखते हुए, मुझे लगा कि यह काम शुरू करने का एक अच्छा माध्यम है। मैं एक नई यात्रा के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। यह पूछे जाने पर कि चैनल पर कंटेंट का फोकस क्या होगा, इस पर लक्ष्मी ने मजाक में जवाब देते हुए कहा, मुख्य फोकस स्पष्ट रूप से मैं होने जा रही हूं! वह आगे बताती हैं, मैं अलग-अलग चीजों पर कुछ सीरीज बनाने जा रही हूं, जिनके बारे में हम बात कर सकते हैं और मैं सुझावों के लिए भी तैयार हूं। लक्ष्मी एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए एक कुकरी शो भी होस्ट करती हैं जहां वह सेलिब्रिटी मेहमानों को आमंत्रित करती हैं, जहां विभिन्न प्रकार का खाना बनाया जाता है। अभिनेत्री डिजिटल रूप से विचित्र कंटेंट बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उनके पास इसका एक कारण भी है। अभिनेत्री ने कहा, अब पहले से कहीं अधिक लोग टेलीविजन के बजाय अपने फोन पर हैं और मुझे लगता है कि यह वह माध्यम है, जो धीरे-धीरे उनके मनोरंजन का मुख्य स्रोत बन गया है। इसलिए, लक्ष्मी मांचू हर जगह है। आप मुझे नकार नहीं कर सकते!

# सोनम कपूर ने 'भाग मिल्खा भाग' के लिए ली थी 11 रुपये फीस

बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनती हैं जो बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देती हैं. कई ऐसी फिल्में बनती हैं जिनके लिए सेलेब्स मना कर देते हैं क्योंकि कभी फीस उनके हिसाब से नहीं होती है तो कभी स्क्रिप्ट. वहीं कई सेलेब्स ऐसे होते हैं जो स्क्रिप्ट पसंद आने के बाद कम फीस में भी काम करने के लिए तैयार हो जाते हैं. ऐसे ही एक सेलेब के बारे में फिल्ममेकर राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने अपनी किताब में बताया है.



राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने अपनी ऑटोबायोग्राफी 'द स्ट्रेंजर इन द मिरर' में अपनी फिल्म 'भाग मिल्खा भाग' में सोनम कपूर की फीस के बारे में बताया है. दोनों ने पहले साथ में दिल्ली 6 में काम किया था. उसके बाद दोनों ने साथ में भाग मिल्खा भाग में काम किया. भाग मिल्खा भाग में सोनम कपूर का ज्यादा बड़ा रोल नहीं था लेकिन उनके अपीयरेंस की तारीफ की गई थी. राकेश ने अपनी किताब में लिखा है कि सोनम कपूर फिल्म में बीरो का किरदार निभाने के लिए तैयार हो गई थीं. इसके लिए उन्होंने सिर्फ 11 रुपये फीस ली थी.

राकेश ने बताया है कि सोनम जब भी स्क्रीन पर आती थीं एक छाप छोड़ जाती थीं. सोनम कपूर की फिल्म से जुड़ी खास यादें हैं. वह कहती थीं कि मैं फिल्म में तड़का थीं.

लीडिंग एक्ट्रेस आज के समय में इस तरह के किरदार नहीं निभाती हैं. राकेश ने सोनम की खूब तारीफ की और लिखा- सोनम ने समझा की ये फिल्म लव स्टोरी नहीं है. उन्होंने कहा कि उनका फिल्म में स्पेशल अपीयरेंस था और उन्होंने 11 रुपये फीस लेने का फैसला लिया था. हम दोनों ने इससे पहले दिल्ली 6 में एक अच्छी जर्नी बिताई थी. उन्होंने सिर्फ 7 दिनों तक शूट किया था।

## शाहिद कपूर को याद आए 'जर्सी' के सेट पर बिताए दिन, क्रिकेट खेलते हुए शेयर किया वीडियो



शाहिद कपूर जल्द ही फिल्म जर्सी में नजर आने वाले हैं. इस फिल्म में वह एक क्रिकेटर के किरदार में नजर आने वाले हैं. शाहिद को अपनी अपकमिंग फिल्म 'जर्सी' की शूटिंग पूरा किए हुए करीब एक साल हो गया है. लेकिन ऐसा लगता है कि वे अभी तक सेट को भूले नहीं और वह स्पोर्ट्स फ्लिक की शूटिंग को याद कर रहे है. शाहिद ने सेट पर अपने समय के बारे में याद करते हुए एक इंस्टाग्राम रील पोस्ट की है. जहां उन्हें क्रिकेट खेलते और लॉन्ग-ऑन एरिया की ओर एक परफेक्ट शॉट लगाते हुए देखा जा सकता है. शाहिद ने रील के कैप्शन में लिखा, 'लगभग एक साल बाद कुछ क्रिकेट खेला #जर्सी सेट #मेजर मिसिंग फिल्म की तैयारी के दौरान शाहिद के कठिन क्रिकेट प्रशिक्षण से पता चलता है कि त्रुटिहीन रुख, मुद्रा, स्विंग और शॉट की तैयारी. इसे सबसे ऊपर, रील के बैकग्राउंड में अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा रचित फिल्म का टाइटल थीम है. शाहिद कपूर इन दिनों राज और डीके की सीरीज की शूटिंग कर रहे हैं. यह वेब सीरीज एमेजॉन प्राइम पर रिलीज होगी।

# सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी कला को कम महत्व दिया



सोनाक्षी सिन्हा की पहली कलाकृति बिक गई है। अभिनेत्री का कहना है कि उन्होंने अभी हाल तक अपनी कला को कभी गंभीरता से नहीं लिया था। सोनाक्षी, जिनकी पेंटिंग अनाय बिक गई, भगवान गणेश को परिभाषित करती हुई बहती रेखाएं हैं, उन्होंने कहा, कला हमेशा से मेरा एक बड़ा हिस्सा रही है, इसलिए यह और भी खास लगता है। मैं एक एक्टर हूं, मैंने इसमें अपना नाम बनाया है। कला का क्षेत्र, जो कि सिनेमा है, लेकिन यह पूरी तरह से अलग है और वास्तव में ऐसा लगता है कि मैं फिर से अपनी शुरूआत कर रही हूं। सोना ने कहा कि हाल ही में मैंने अपनी कला को काफी कम महत्व दिया है। कला के लिए सोनाक्षी का जुनून लॉकडाउन के दौरान देखा गया था जब उन्होंने अपने सोशल मीडिया फीड्स के माध्यम से अपने स्केच और पेंटिंग में एक झलक साझा की थी। सिनेमा में अपने आगामी काम के बारे में बात करते हुए, सोनाक्षी अगली बार अजय देवगन अभिनीत भुज द प्राइड ऑफ इंडिया में दिखाई देंगी। आने वाली फिल्म में संजय दत्त और नोरा फतेही भी हैं। इसके अलावा, अभिनेत्री फॉलन के साथ अपनी वेब श्रृंखला की शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जहां वह एक पुलिस वाले की भूमिका निभाती है।

# कैसे की जाती है वॉल प्रेस एक्सरसाइज? जानिए इससे जुड़ी कुछ खास बातें



वॉल प्रेस एक्सरसाइज एक तरह की फुल बॉडी एक्सरसाइज है और इसे सही तरीके से करने के बाद अन्य कोई भी एक्सरसाइज करने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। यह एक्सरसाइज पूरे शरीर की मांसपेशियों को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ कई अन्य स्वास्थ्य लाभ देने में सक्षम है और इसे वर्कआउट रूटीन में शामिल करना बहुत लाभदायक है। आइए आज आपको इस एक्सरसाइज को करने का तरीका और इससे जुड़ी कुछ अहम बातें

### वॉल प्रेस करने का तरीका

इसके लिए सबसे पहले एक दीवार के सामने दो फुट की दूरी पर खड़े हो जाएं। अब अपने दोनों हाथों को दीवार पर कंधों की चौड़ाई बराबर दूरी पर रखें और उंगलियों की दिशा ऊपर की ओर होनी चाहिए। इसके बाद आप दीवार के सहारे पुश-अप्स करें और फिर कुछ सेकेंड के बाद आप अपनी प्रारंभिक स्थिति में आ जाएं। इस क्रिया को बार-बार दोहराएं। वॉल प्रेस एक्सरसाइज के आपको 20 रेप्स के दो-पांच सेट्स करना चाहिए।

### सावधानियां

**एक्सरसाइज करते समय जरूर बरतें ये सावधानियां:** एक्सरसाइज के दौरान अपनी पीठ और कूल्हों को एकदम सीधा रखें। अगर आपके कंधों या फिर हाथों में किसी तरह की तकलीफ है तो इस एक्सरसाइज को न करें। जिन लोगों को घुटनों में चोट लगी हो या जिनकी सर्जरी हुई हो, वे भी इस एक्सरसाइज को न करें। गर्भवती महिलाएं भी इस एक्सरसाइज को न करें। अगर हाल ही में पेट की सर्जरी हुई है तो भी वॉल प्रेस एक्सरसाइज को करने से बचना चाहिए।

### फायदे

रोजाना वॉल प्रेस एक्सरसाइज करने से मिलने वाले फायदेः शरीर के संतुलन को बेहतर बनाने में भी यह एक्सरसाइज मदद कर सकती है। इस एक्सरसाइज से पीठ की कई तकलीफों को ठीक किया जा सकता है। यह एक्सरसाइज घुटनों के दर्द से राहत दिलाने में कारगर है। इस एक्सरसाइज से शरीर का स्टैमिना बढ़ाने में मदद मिलती है। यह एक्सरसाइज थकान को तुरंत दूर करने में सहायक है। यह एक्सरसाइज शरीर में लचीलापन लाने में मददगार है। रोजाना वॉल प्रेस एक्सरसाइज करने से मेटाबॉलिज्म बढ़ाने में मदद मिलती है।

### टिप्स

एक्सरसाइज से जुड़ी खास टिप्सः यह एक्सरसाइज करते समय अपनी पीठ को न मोड़ें और इसे एकदम सीधा रखें। इसी तरह अपने सिर, कंधे, पीठ और कूल्हों पर

## खाना खाने का मन नही करता तो इन देसी नुस्खों से बढ़ाएं अपनी भूख

आपने बहुत से लोगों को कहते हुए सुना होगा कि उन्हें भूख नहीं लगती। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। बहुत से लोग ऐसे भी है जिन्हें समय पर भूख नहीं लगती और अगर लगती भी है तो थोड़ा सा खाने पर ही पेट भर जाता है। कई बार पेट की समस्या के चलते भूख अपने आप खत्म हो जाती है। आज हम आपको उन उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं जिससे आप अपनी भूख को बढ़ा सकते हैं.... ग्रीन टी- ग्रीन टी पीने से भूख तो लगती ही है साथ ही कई बीमारियों से भी छुटकारा मिलता है। आप चाय की बजाय ग्रीन टी का सेवन कर सकते हैं। नींबू पानी- गर्मियों के मौसम में नींबू पानी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। गर्मियों के मौसम में शरीर को पानी की जरूरत होती है। नींबू पानी पीने से पानी की कमी को पूरा किया जा सकता है। इससे भूख भी बढ़ती है। अजवायन- अपच या भूख न लगने की समस्या में आप अजवायन का सेवन कर सकते हैं। भूख ना लगने पर दिन में एक या दो बार इसका सेवन जरूर करें।



# पुलिस गश्त पर उठा सवाल, 24 घंटे में चोरों ने 6 चोरियों दिया अंजाम

## शहर में चोरों ने दुकान में लगाई सेंध तो प्रतापपुरा में 3 मकानों में घुसे, लहार में गहने चुराए

### दीवार में सेंध लगाकर अलमारी से जेवरात ले गए चोर, परिजनों लेते रहे नींद



**भिण्ड।** जिले में लगातर चोरियों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है 24 घंटे के अंदर जिलेभर में चोरों ने चोरी की 6 वारदात को अंजाम दिया। शहर के सदर बाजार में एक व्यापारी के मकान की दीवार में सेंध लगाकर चोर ने सोने चांदी के जेवर सहित 80 हजार रुपए नगदी पार कर ले गए। व्यापारी ने अपने मकान के पीछे दुकान का निर्माण करा रहे दुकान मालिक पर संदेह जाहिर किया है। कोतवाली थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा ने इस मामले में शिकायती आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक सदर बाजार में कुसुमबाई कॉलेज के पास व्यापारी अरविंद जैन का मकान है। मकान के नीचले तल में नल फिटिंग सामग्री बेचने की दुकान है। व्यापारी के मकान के पीछे फारुख बंगाली अपनी दुकान का पुनः निर्माण करा रहा है। व्यापारी जैन के घर के पीछे की दीवार से उनकी तिजोरी लगी है। इसी दीवार में सेंध लगाकर अज्ञात चोरों ने तिजोरी में से सोने चांदी के जेवरात और नगदी पार कर दिए। गुरुवार की शाम जब जैन ने तिजोरी से चार चूड़ी सोने की, दो चेनए दो मंगलसूत्रए दो जोड़ी कान के बालाए दो पेंडलए 30 चांदी के सिक्केए 2 किलो चांदी के जेवर पायल और बिछिया सहित 80 हजार रुपए नगदी ले गए। घटना की जानकारी के बाद फरियादी जैन ने इस चोरी को लेकर अपने मकान के पीछे दुकान बनवा रहे फारुख बंगाली पर संदेह जाहिर किया है।

### मेहगांव के ग्राम नारायणपुरा में भी दीवार में सेंध लगाकर चोरी

मेहगांव थाना के अंतर्गत नारायणपुरा गांव में भी अज्ञात चोरों ने एक घर की दीवार तोड़कर सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए। नारायण सिंह का पुरा निवासी सचिन पुत्र शिव सिंह जाटव ने पुलिस को बताया कि वो अपने परिवार के साथ घर के अंदर सो रहे थेए तभी अज्ञात चोर ने उनके घर के पीछे की दीवार में सेंध लगाकर अंदर दाखिल हो गए। साथ हीं अंदर से बक्सों के ताले तोड़कर सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी ले गए। सुबह जब वे जागे तो सामान बिखरा देख उन्हें चोरी का पता चला। पुलिस ने चोरी गए कुल माल की कीमत 95 हजार रुपए आंकी है।

### खेतों की जुताई के यंत्र उपकरण चोरी

बरोही थाना क्षेत्र क ग्राम डोंगरपुरा में एक किसान के खेत से जुताई के लिए उपयोग किए जाने वाले यंत्र सीड ड्रिल के उपकरण चोरी हो गए। किसान केशव जाटव ने पुलिस थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।

### गहने सहित घर का सामान ले गये चोर

लहार थाना क्षेत्र के वार्ड क्र.1 में रहने वाले विजय गुप्ता के घर से अज्ञात चोरों ने धावा बोला। चोरों ने सूने घर से गृहस्थी का सामान समेट सोने चांदी के जेवर ले गए। चोर घर से टीवीए हरमोनियाए कैमराए एसी का रिमोट के अलावा सोने.चांदी के जवेर ले गए।

### प्रतापपुरा में तीन घरों में घुसे चोर

इधर गोरमी थाना क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुरा ने चोरों ने तीन घरों में धावा बोला। यहां चोरों ने एक घर से हजारों का माल पार कर दिया। जबकि दो अन्य घरों से कोई खास सामान पार नहीं कर सके। पुलिस थाने पहुंचकर प्रतापपुरा निवासी दिनेश सिंह नरवरिया ने अज्ञात चोरों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया। इसी तरह से मेंहगांव थाना क्षेत्र के ग्राम नारायण पुरा निवासी सचिन जाटव के घर से चोरों ने सोने-चांदी समेत करीब 95 हजार का माल पार कर दिया।



## वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर अफसरों ने किया अस्त्र-शस्त्र पूजन

**भिण्ड।** पुलिस अफसरों द्वारा दशहरा पर्व पर परंपराओं का निर्वाहन कर अस्त्र-शस्त्र पूजन किया। यह पूजन कार्यक्रम करीब डेढ़ घंटे तक डीआरपी लाइन में चला। वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पंडित ने हवन कुंड में आहूति दिलाई। इसके बाद कुम्हड़ा को काटकर सांकेतक बलि परंपरा का निर्वाहन किया गया। अस्त्र-शस्त्र पूजन कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू हुआ जोकि करीब साढ़े बारह बजे तक चला। पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसपी मनोज कुमार सिंह, एएसपी कमलेश कुमार, मुख्यालय एसडीओपी अरविंद शाह, सीएसपी आनंद राय और आरआई रजनी गुर्जर समेत अन्य जवान मौजूद रहे। पंडित द्वारा शस्त्र पूजन के दौरान वैदिक मंत्रों का उच्चरण किया। वैदिक मंत्रों के साथ नवग्रह, देवी, देतवा आदि का पूजन कराया गया। फिर कुष्माण्ड (कुम्हड़ा) की बलि दी गई। पहले कुम्हाड़ा का पूजन किया गया। फिर तलबार से एसपी ने कुम्हाड़ा को काटा। इसके बाद अस्त्र-शस्त्र का पूजन किया गया। शस्त्र पूजन के बाद वाहन पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया इस मौके पर डीएसपी पूनम थापा और आरआई रजनी गुर्जर ने फायरिंग की। इस अवसर पर निरीक्षक पुलिस लाइन का बल भी मौजूद रहा।

## बिजली कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारी की संदिग्ध हालत में मौत

**भिण्ड।** आलमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्वे से दो किलोमीटर दूर एक खेत में युवक का शव संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। सिनाख्त करने पर पता चला मृतक युवक बिजली कंपनी का आउटसोर्स कर्मचारी है। मृतक युवक के शरीर पर एक जगह जलने के निशान है। शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी हुई है। शुक्रवार की दोपहर आलमपुर कस्बे से दो किलोमीटर दूर खेत में एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना आलमपुर थाना पुलिस को मिली। इस सूचना के बाद पुलिस ने तफ्तीश कराई। पहचान बिजली कंपनी में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी संजीव कौरव (31) पुत्र रामकुमार निवासी खुर्द के रूप में हुई। पड़ताल में पता चला कि संजीव मामा के यहां बरथरा रहता था।

गुरुवार की रात करीब आठ बजे वो घर से आलमपुर किसी काम जाने की कहकर निकला था। इसके बाद उसका कोई पता नहीं चला था। मृतक के परिजनों ने कई बार फोन पर संपर्क करना चाहा। परंतु कोई बातचीत नहीं हो पा रही थी। शुक्रवार की दोपहर पुलिस को स्थानीय लोगों ने सूचना दी तब पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पाया कि किसानों द्वारा जुताई किए गए खेत में पडा है। मृतक की बाइक सड़क पर खड़ी है। यह सूचना पर लहार एसडीओपी अवनीश बंसल भी मौके पर पहुंच गए। संजीव कौरव की मौत की खबर से बरथरा और खुर्द के लोग भी बड़ी तादाद में आ पहुंचे। पुलिस को प्राथमिक तौर पर संदेह लग रहा है कि आखिर यह युवक खेत में कैसे आया। मृतक के शरीर की पड़ताल की गई तो बॉडी में मामूली चोट के निशान है। वहीं एक बाजू में जले का निशान है। जले के निशान से पूरा मामला संदेहप्रद हो रहा है। एसडीओपी बंसल के मुताबिक आलमपुर कस्बे के बिजली कर्मियों को भी बुलाया तो उन्होंने हादसा न होने की बात कही है। मृतक जिस जगह पड़ा है उससे कुछ ही दूरी पर एक बिजली पोल है। परंतु बिजली पोल में करंट न होने का दावा बिजली कर्मियों द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा बिजली पोल से कुछ किसानों ने तार डाल रखे है जिसमें एक तार जमीन पर भी पड़ा है। हादसा है या हत्या पीएम रिपोर्ट के बाद ही खुलासा हो सकेगा।



### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, लगाया चक्काजाम

परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए आक्रोशित हो गए। परिजनों के साथ गांव के लोग एकत्रित हो गए। उन्होंने चक्काजाम कर दिया। मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता और हत्या का मामला दर्ज की मांग करने लगे। करीब दो घंटे तक चक्काजाम के बाद पुलिस की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद शव को पीएम के लिए भेजा गया। संजीव अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। वो अपने मामा के घर रहता था। उसकी शादी सात साल पहले हो चुकी थी। एक बेटी और एक बेटा है।

### मौ पुलिस को मिला अज्ञात युवक का शव

इधर मौ पुलिस को एक अज्ञात युवक शव मिला है। यह शव मौ कस्बे से चार से पांच किलोमीटर दूर एक चौमासी नदी में पड़ा मिला। यह शव पानी के उपर आ चुका था। चारवाहों की सूचना पर पुलिस ने शव को बरामद किया। शव तीन से चार दिन पुराना है। पानी में पडा रहने की वजह से पहचान किए जाना मुश्किल है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

## नवरात्रि पर झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में रहने वाली कन्याओं को कराया भोज

**भिण्ड।** शारदीय नवरात्रि के पावन त्यौहार के शुभ अवसर पर शुक्रवार को मानवता ग्रुप के द्वारा दुर्गानवमीं के दिन झुग्गी झोपड़ी बस्ती में रह रही कन्याओं का पदप्रक्षालन एवं कन्यापूजन किया गया एवं सभी कन्याओं को उपहार दिया गया। सभी कन्याओं को कन्याभोज भी कराया गया। मानवता ग्रुप के संयोजक बबलू सिंधी ने बताया कि आमतौर पर हम अपने घर-परिवार और आस-पडोस की कन्याओं का पूजन करते हैं, लेकिन मानवता ग्रुप द्वारा समाज से पीछे छूट रही झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में निवास कर रही बच्चियों को भी उतना ही महत्व दिया जाता है जितना कि हमारे घर की बच्चियों को। हम यह भी कह सकते हैं कि सनातन संस्कृति की परंपराओं में हर जीवात्मा पूज्यनीय एवं वंदनीय हैए इस तरह के कार्यक्रम पीछे छूटे हमारे भाई.बंधुओं को पुनः अपने साथ स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर बबलू सिन्धी, तिलक सिंह भदौरिया,ओम सर, रेखा जैन, रानी जैन, सलोनी जैन, सुरभि जैन, प्रिंसी अग्रवाल, वर्षा चौधरी, तान्या राजावत, आरू जैन आदि उपस्थित रहे।



### मोदी, शाह, शिवराज के पुतले फूंके, 18 को रोकेंगे ट्रेन

**भिण्ड।** संयुक्त किसान मोर्चा एवं किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय आह्वान पर लखीमपुर खीरी में किसानों एवं पत्रकार की निर्मम हत्या के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भी पुतला किसानों को रासायनिक खाद तो नहीं मिल रही लेकिन किसानों पर मुकदमे और पुलिस की लाठियां पढ़ रही हैं दशहरे के दिन शाम 5:00 बजे पुरानी अनाज मंडी गेट पर तीनों के पुतला दहन किए गए। संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं की मुख्य मांग केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त करो तीनों कृषि कानून वापस लो किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लो जब तक सत्ता में किसानों के हत्यारों को संरक्षण मिलता रहेगा तब तक निष्पक्ष न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती इसलिए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री को बर्खास्त करो पुतला को अगेन प्रदीप बाबा ने दी 18 अक्टूबर को भिंड रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ी को भी रोकेंगे किसान आंदोलन का नेतृत्व अनिल दौनेरिया, डॉक्टर नदीम खान, विनोद सुमन, नरेंद्र सेंगर, श्री कृष्ण वाल्मीकि, अरुण यादव, महेश बघेल आदि लोगों ने किया।



### सट्टा लगाते हुए युवक गिरफ्तार

**भिण्ड।** गोरमी थाना क्षेत्र के वार्ड क्र.5 में सुरेन्द्र जैन के मकान के पास एक युवक सट्टे की पर्चियां लिख रहा था, मुखबिर की सूचना पर दबोचकर हिरासत में लिया और उसके पास से सट्टे की 4 पर्ची जब्त की। पुलिस ने फरियादी की शिकातय पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार सोनू पुत्र कल्याणसिंह कुशवाह निवासी वार्ड क्र.5 अपने मकान के पास सट्टे की पर्ची लिख रहा था, मुखबिर की सूचना पर दबोचकर हिरासत में लिया और जब आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से 4 सट्टे की पर्ची एवं एक हजार रुपये जब्त किये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### शास्त्र ज्ञान के बिना शस्त्र सही दिशा में प्रयोग नहीं होते : नरवरिया

**भिण्ड।** शास्त्र ज्ञान के बिना शस्त्र सही दिशा में प्रयोग नहीं हो सकता है और ना रक्षा का कार्य कर सकता है,उक्त उद्गार लोधी राजपूत छत्रिय समाज के जिला भिंड में आयोजित शस्त्र पूजन रजपरा धाम में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा नेता रविंद्र सिंह नरवरिया एडवोकेट ने व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैप्टन सुरेश सिंह नरवरिया ने कहा दशहरा के पर्व पर सेना में भी हर्ष और उल्लास, प्रसन्नता से मनाया जाता है, शस्त्र पूजन का अर्थ है हम हर क्षण तैयार रहें आज के युग में शस्त्र ही नहीं कलम की ताकत और बुद्धिमता भी होना जरूरी है कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बसपा नेता गंभीर सिंग नरवरिया, एडवोकेट नरोत्तम सिंह नरवरिया ने विचार व्यक्त करते हुए कहा आयोजनों से एक पीढ़ी दूसरी पीढ़ी को परंपरा नैतिकता, सकारात्मकता और सफलता का मंत्र प्रदान करती है कार्यक्रम में मेघसिंह नरवरिया, भाजपा नेता सत्यवान सिंह नरवरिया, कांग्रेस नेता मनोज लोधी, ओबीसी महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल लोधी, अहिवरन सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम के आयोजक लोधी राजपूत महासभा के अध्यक्ष अजमेर सिंह नरवरिया ने स्वागत भाषण दिया, कार्यक्रम का संचालन शौकीन सिंह नरवरिया शिक्षक ने किया।



### खाद चोरी गई बोरियों पर पुलिस ने नहीं की थी कार्यवाही, एसपी ने थाना प्रभारी को किया निलंबित

**भिण्ड।** खाद की आपूर्ति को लेकर राजएक्सप्रेस ने अन्नदाता किसान खाद के लिए सड़कों पर उतरे, अभी तक नहीं मिला पुख्ता समाधान शीर्षक नामक खबर प्रकाशित की थी। प्रकाशित खबर पर पुलिस कप्तान मनोज सिंह ने कार्यवाही करते हुए फूप थाना प्रभारी अनीता गुर्जर को निलंबित कर दिया है। बता दें कि 11 अक्टूबर को खाद की आपूर्ति को लेकर फूप थाना अंतर्गत ज्ञानपुरा एवं सराया के कुछ दबंगों ने खाद की बोरियां चोरी कर अपने घरों में छिपाकर रख ली थी। जिस पर फूप पुलिस ने मामले को ठण्डे बस्ते में डाल दिया और दबंगों पर एफआईआर नहीं की। जब इस खबर को राजएक्सप्रेस ने प्रमुखता प्रकाशित किया, तो एसपी मनोज सिंह ने प्रकाशित खबर पर कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी अनीता गुर्जर को निलंबित कर दिया।

## वर्षों से कुरथरा रोड़ भदावर कॉलोनी में रोड़ बनी तालाब

### सैकड़ों आवेदनों पर भी नहीं हुई सुनवाई

**भिण्ड।** मुख्यालय से 2 किलोमीटर दूर इटावा रोड से सटे हुए कुरथरा रोड़ पर जहां वर्षों से पानी भरा हुआ है मौहल्लेवासियों सहित गांव के राहगीरों ने भी कई बार शिकायती आवेदन नगरपालिका अधिकारी को दिया, लेकिन स्थिति जस की तस है आज उस कुरथरा रोड़ पर लबालब पानी भरा हुआ है। बारह महीनों पानी भरे रहने की वजह से वहां मलेरिया, डेंगू मच्छर, जानलेवा लार्वा पैदा हो रहे हैं जिससे सैकड़ों घर इन बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। शुक्रवार को कुरथरा रोड़ वासियों ने कलेक्टर भिण्ड के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने जलभराव की निकासी के प्रबंध करने की मांग की है। ज्ञापनदाताओं ने बताया कि इस मार्ग से गजना, दुल्हागन, कुरथरा, सिमराव, जामपुरा, अतरसूमा, सुरपुरा जाने का रास्ता है। आये दिन वाहन फसं जाते हैं। ज्ञापन देने वालों में गनेश सिंह भदौरिया, गजेन्द्र सिंह भदौरिया, सूरज सिंह भदौरिया, चन्द्रेश सिंह भदौरिया, रामकुमार सिंह चौहान शामिल रहे।



### इलाज के दौरान युवक की मौत

**भिण्ड।** मौ थाना क्षेत्र के ग्राम बरोली निवासी एक युवक की अचानक तबियत बिगड़ गई और उसके परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया तो इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसार 2 अक्टूबर शाम 8.20 बजे संतोष पुत्र अशोक उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बरोली की अचानक तबियत बिगड़ गई तो उसकी पत्नी प्रीति ने इलाज के लिए ग्वालियर के जेएएच अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

## मां के हवनकुंड की भभूति दूर-दूर से लेने आते हैं किसान, राजपूतों की आस्था का केंद्र बिंदु है आजी माता मंदिर

### आजी माता मंदिर में भागवत कथा के समापन पर भंडारे में एक लाख से अधिक लोगों ने पाई प्रसादी

**भिण्ड।** अमायन क्षेत्र के सड़ा गांव में विराजमान आजी मां का धाम अनौखे चमत्कारों से भरा है। मंदिर में मुराद लेकर सच्चे मन से अगर भक्त जाते हैं, तो माता रानी की असीम कृपा से वह वंचित नहीं होते हैं। आजी मां की महिमा और अनुकंपा केवल क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि दूसरे प्रदेशों, यहां तक कि कारगिल युद्ध में भी उनका चमत्कार नजर आया था। हाल ही में लहारा सरपंच कोकसिंह ने मंदिर परिसर में भव्य राम दरबार की स्थापना की है। मंदिर में भगवान राम-सीता और लक्ष्मण की अलौकिक प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा हुई है, जिनके दर्शन पाने के लिए लाखों भक्त पहुंच रहे हैं। विगत सात दिन से मंदिर प्रांगण में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा था, जिसके समापन पर शुक्रवार को विशाल संत भंडारे का आयोजन रखा गया, जिसमें एक लाख से अधिक लोगों ने प्रसादी गृहण की।





### बोर करने के लिए मां के दरबार से ले जाते हैं भभूति:

आजी माता मंदिर का इतिहास साढ़े 300 साल पुराना है। सरपंच रविंद्र सिंह सोलंकी बताते हैं कि किसान खेतों में नलकूप लगाते हैं तो मां की भभूति लेने अवश्य आते हैं। ऐसी महिमा है कि जिस स्थान पर मां के हवनकुंड की भभूति पड़ जाती हैं, वहां बोर में पानी निकलता है। जबकि कई ऐसे उदाहरण सामने आए हैं, जिसमें देखा गया कि लोग मायूस होकर दो-तीन बार बोर फेल होने के पश्चात माता की शरण में पहुंचे, बाद में उनके बोर में भरपूर पानी निकला जो आज भी चल रहे है। शुक्रवार को हुए भंडारे में घोंटा-मालपुआ और बूंदी लोगों को परोसी गई। हलवाई द्वारा बताया गया कि करीब 100 क्विंटल आलू, 150 किलो आटा, 120 बोरी शक्कर, 20 क्विंटल बेसन से भंडारे का भोजन तैयार किया गया।

### देवी विसर्जन के लिए युवक तालाब में उतरा, वापस लौटते में डूबा

**भिण्ड।** प्रदेश के राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया के पैतृक गांव में देवी प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई। यह युवक तालाब में तैराकी के लिए उतरा था। वो एक छोर से दूसरे छोर पर पहुंचा और वापस आया तो बीच तालाब में आकर पानी में समां गया। युवक को डूबता हुआ देख गांव के दूसरे तैराक बचाव के लिए कूदे तब तक युवक गोता खा चुका था जिसकी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अकलौनी निवासी युवराज (19) पुत्र शिवराज सिंह भदौरिया शुक्रवार की शाम करीब चार बजे देवी प्रतिमा विसर्जन के लिए गांव के ही प्राचीन तालाब पर पहुंचा था। यहां गांव की तीन से चार प्रतिमाएं विसर्जित की जा रही थी। युवाओं के साथ युवराज भी मौजूद था। स्वयं को अच्छा तैराक प्रदर्शित करने के लिए युवराज पानी में उतर गया। वो कुछ ही मिनटों में करीब डेढ़ सौ फीट चौड़े तालाब को पार कर दूसरे छोर पर पहुंच गया। बिना रूके युवक पुनः वापस लौट पड़ा। पानी में वापस लौटते समय युवक की सांसें फूल गई और वो पानी में समां गया। यह देख तालाब के किनारे पर खड़े गांव के दूसरे तैराक पानी में कूद गए और युवराज को बचाने का प्रयास करने लगे। जब तक दूसरे तैराक युवराज तक पहुंचे तब तक युवराज के शरीर में पानी भर चुका था। युवराज को किनारे पर लाए और शरीर से पानी निकालने का प्रयास किया। इसके बाद वे सीधे मेहगांव अस्पताल लेकर पहुंचे जहां रास्ते में ही किशोर ने दम तोड़ दिया। इस पूरे मामले में गोरमी थाना प्रभारी सुरेंश चंद्र शर्मा का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।



## मोबाइल वरदान हैं या अभिशाप!

आवश्यकता ही आविष्कार की जननी हैं और कभी कभी परिस्थितियों के कारण भी वह पराधीन हो जाता हैं। जब मोबाइल का चलन शुरू हुआ लगभग 25 वर्ष पुर्व तो यह सामाजिक क्रांति का प्रतीक था ,दुनिया मुठ्ठी में हो गयी थी.पहले धनियों का खिलौना रहा फिर धीरे धीरे जान सामान्य तक इसने पहुँच बनाई और आज इसके बिना जीवन शून्य होता जा रहा हैं। आज औसतन या बहुतायत में इसकी उपलब्धता सामान्य हो गयी। विगत 2 वर्षों में कोरोना काल में इसकी उपयोगिता बहुत बढ़ी कारण आवागमन और मिलना जुलना कम होने से यह बहुत माकूल माध्यम रहा। पर इस वर्ष पढ़ाई का माध्यम ऑनलाइन होने से लेपटॉप ,मोबाइल ,आदि का चलन अनिवार्य हुआ। इससे हम आभासी दुनिया से जुड़े और बच्चों की पढाई की औपचारिकता शुरू हुई। अब इसमें अपर के. जी। शिशुओं को भी मोबाइल लेपटॉप टेबलेट आदि से पढ़ाई कराना शुरू किया यानी शिशुओं में मोबाइल का बीजारोपण शुरू किया उसके बाद वे उसमे उलझे ,और यदि आपने उनसे जबरदस्ती कीया छुड़ाने का प्रयास किया तो उनका मचल जाना स्वाभाविक हैं कारण कोरोना काल में बाह्य संपर्क कम या टूटने से एकाकीपन का क्या इलाज़। इस द्वन्द में मात पिता उन्हें मोबाइल या टी वी देखने को बाध्य होते हैं और उनका अधिकतम समय उसी में बीतता हैं। इसके बाद उससे आगे की पढ़ाई भी अधिक समय यानी 5 -6 घंटे होने के बाद उससे फिर होम वर्क ,नोट्स बनाने में भी उसी का उपयोग होने से वे फिर अन्य सामग्री देखने लगते हैं और यह एक मीठा जहर उनको मिलना शुरू हो जाता हैं। या न केवल बच्चों की कॉलेज की पढाई ,कोचिंग भी मोबाइल से। माँ बाप का काम भी वर्क फ्रॉम होम के कारण 12-- 12 घंटे लेपटॉप पर बैठकर कार्य सम्पादित करते हैं। घर में सब सदस्य होते हुए भी एक दूसरे से अनजान हैं। आजकल आपने जिसकी भी स्वतंत्रता में बाधा पहुंचाई वह आपका दुश्मन। सब को सब प्रकार की छूट चाहिए। आज आप एक साल के शिशु से मोबाइल या टी वी रिमोट नहीं ले सकते। वह मचल जाता हैं। इससे ज्ञानार्जन कितना हो रहा हैं यह किसी को नहीं मालूम पर आज सब इसके नशे के आदी के साथ व्यस्त होते जा रहे हैं। हर वस्तु का सेवन या उपयोग सीमित हो तो बहुत सीमा तक मान्य हैं पर यदि वह असीमित हो जाए तो वह रोग बनने लगता हैं। आज हम क्या सभी जिनके हाथ में मोबाइल ,लेपटॉप टेबलेट हैं वे व्यसनी हो चुके और अब उनको रोक पाना खतरनाक है.एक दादी ने अपनी नातिन को मोबाइल उपयोग करने पर रोक या कम देखने पर जोर दिया तब बारह वर्ष की बच्ची ने अपने घर में फांसी लगा ली और वह मर गयी. क्या सीमित देखने के लिए कहना अपराध हैं या न कहना उचित हैं। इसके लिए हमारी व्यवस्था अधिक गुनहगार हैं। स्कूल कॉलेज की शिक्षा ऑनलाइन कराना कितना उचित हैं ?बच्चे एक कोरी स्लेट होते हैं जैसा बीजारोपण करो वैसे फसल होती हैं। इस रोग से सभी वर्ग और सभी उम्र के लोग प्रभावित हो चुके हैं। भविष्य अब अंधकारमय दिख रहा हैं। इस पर कैसे अंकुश लगाया जाय ? कोई मार्ग नहीं दिख रहा हैं।

# वैश्विक शांति का प्रतिबिम्ब है न्याय व्यवस्था

**डॉ.शंकर सुवन सिंह**

समाज एक से अधिक लोगों के समुदायों से मिलकर बने एक वृहद समूह को कहते हैं, जिसमें सभी व्यक्ति मानवीय क्रिया-कलाप करते हैं। मानवीय क्रिया-कलाप में आचरण, सामाजिक सुरक्षा और निर्वाह आदि की क्रियाएं सम्मिलित होती हैं। मनुष्य सामाजिक प्राणी है। मनुष्य सभी प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ है। अन्य प्राणियों की मानसिक शक्ति की अपेक्षा मनुष्य की मानसिक शक्ति अत्यधिक विकसित है। समाज रूपी मकान जब न्याय रूपी स्तम्भ पर खड़ा होता है तो ऐसा समाज सौम्यता, समानता और शांति का प्रतीक होता है। सामाजिक न्याय, विश्व में शांति कायम करने का एक महत्वपूर्ण अंग है। सामाजिक न्याय(सोशल जस्टिस) की बुनियाद सभी मनुष्यों को समान मानने के आग्रह पर आधारित है। सामाजिक न्याय अर्थात समानता का अधिकार। न्याय ही समाज में फैली तमाम तरह की बुराईयों और गैर-सामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने उन्हें सजा देने तथा तमाम नागरिकों के नैतिक और मानवाधिकारों की रक्षा करता हैं। यह दिवस खास कर समाज में फैली फैली असमानता और भेदभाव जैसी कुरीतिओं के प्रति तेजी से उठ रहे असमानता और भेदभाव से सामाजिक न्याय की मांग को देखते हुए कई कानून बने लेकिन आज भी यह बुराई हमारे समाज में फैली हुयी हैं। इसे दूर करने के लिए कई बार विचार विमर्श हुए और इसके निदान के लिए कई अभियान भी चलाये गए7लेकिन फिर भी अभी तक समाज से यह बुराई नहीं मिट पायी। सामाजिक न्याय एक सपना का सपना ही बना रहा। समाज में फैली भेदभाव और असमानता के कारण मानवाधिकारों का हनन लगातार होता रहा। भारत में अशिक्षा,ग़रीबी,बेरोजगारी,महंगाई और आर्थिक असमानता ज्यादा है। इन्हीं भेदभावों के कारण सामाजिक न्याय बेहद विचारणीय विषय हो गया है। डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर(15 जनवरी 1929 - 4 अप्रैल 1968)अमेरिका के एक पादरी,आन्दोलनकारी(ऐक्टिविस्ट)एवं अफ्रीकी-अमेरिकी नागरिक अधिकारों के संघर्ष के प्रमुख नेता थे। उन्हें अमेरिका का गांधी भी कहा जाता है। मार्टिन लूथर किंग ने कहा था कि जहां भी अन्याय होता है वहां हमेशा न्याय को खतरा होता है। यह बात केवल वैधानिक न्याय के बारे में ही सही नहीं है क्योंकि एक विवेकपूर्ण समाज से सदैव समावेशी प्रणाली के लिये रंग,नस्ल,वर्ग,जाति जैसी किसी भी प्रकार की सामाजिक बाधा से मुक्त न्याय सुनिश्चित करने की उम्मीद की जाती है ताकि समाज का कोई भी व्यक्ति अपने न्याय के अधिकार से वंचित न हो सके। किसी को भी न्याय से वंचित रखना न केवल सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है,बल्कि संविधानिक प्रावधानों के भी खिलाफ़ हैं। अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस की स्थापना 1981 ई.में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी। दो दशक बाद,2001 ई.में, महासभा ने सर्वसम्मति से 21 सितम्बर को अहिंसा और संघर्ष विराम की अवधि के रूप में नामित करने के लिए मतदान किया। अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस 2021 ई.की थीम है - ÷एक समान और टिकाऊ दुनिया के लिए बेहतर पुनर्प्राप्ति÷(रीकवरिंग बेटर फॉर एन एक्वीटेबल एंड सस्टेनेबल वर्ल्ड)। प्रत्येक वर्ष 21 सितंबर को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसे 24 घंटे अहिंसा और संघर्ष विराम के माध्यम से शांति के आदर्शों को मजबूत करने के लिए समर्पित दिन के रूप में घोषित किया है। वर्ष 2021 में,जैसा कि हम लोग कोविड-19 महामारी से ठीक हो गए हैं और हम लोग रचनात्मक और सामूहिक रूप से सोचने के लिए प्रेरित हो रहे हैं कि कैसे सभी को बेहतर तरीके से ठीक करने में मदद की जाए और कैसे अपनी दुनिया को अधिक समान,अधिक न्याय पूर्ण बनाने में मदद की जाए। हम दुनिया को कैसे न्याय संगत,समावेशी,टिकाऊ और स्वस्थ बना सकते हैं। अप्रैल 2021 तक,विश्व स्तर पर 687 मिलियन से अधिक कोविड-19 वैक्सीन खुराक का प्रबंध किया जा चूका है,लेकिन 100 से



अधिक देशों को एक भी खुराक नहीं मिली है। स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच की कमी के मामले में संघर्ष में फंसे लोग विशेष रूप से कमजोर होते हैं। पिछले मार्च में वैश्विक युद्धविराम के लिए महासचिव की अपील के अनुरूप,फरवरी 2021 में सुरक्षा परिषद ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें सदस्य राज्यों को स्थानीय संघर्षों के लिए ÷निरंतर मानवीय विराम÷ का समर्थन करने का आह्वान किया गया। वैश्विक युद्धविराम का सम्मान करना जारी रखना चाहिए,ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि संघर्ष में फंसे लोगों को जीवन रक्षक टीकाकरण और उपचार तक पहुंच प्राप्त हो। महामारी के साथ कलंक,भेदभाव और घृणा में वृद्धि हुई है। वायरस सभी पर हमला करता है,बिना इस बात की परवाह किए कि हम कहां से हैं या हम किस पर विश्वास करते हैं। मानव जाति के इस आम दुश्मन का सामना करने के लिए,हमें याद दिलाया जाना चाहिए कि हम एक दूसरे के दुश्मन नहीं हैं। महामारी की तबाही से उबरने में सक्षम होने के लिए,हमें एक दूसरे के साथ शांति स्थापित करनी होगी। हमें प्रकृति के साथ शांति बनानी चाहिए। हमें एक हरित और टिकाऊ वैश्विक अर्थव्यवस्था की जरूरत है जो रोजगार पैदा करे,उत्सर्जन को कम करे और जलवायु प्रभावों के प्रति लचीलापन बनाए। 2021 के ग्लोबल पीस इंडेक्स(जी.पी.आई)में बांग्लादेश को 163 देशों में से 91 वें स्थान पर रखा गया है। सूची के अनुसार,बांग्लादेश दक्षिण एशिया में तीसरा सबसे शांतिपूर्ण है। श्रीलंका 2020 से 19 पायदान नीचे गिरकर इस साल की रैंकिंग में वैश्विक स्तर पर 95 वें और दक्षिण एशिया में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। दक्षिण एशिया में शांति में सबसे बड़ा सुधार पाकिस्तान में हुआ,जो पिछले साल की रैंकिंग से दो पायदान ऊपर उठकर वैश्विक स्तर पर 150 वें और इस क्षेत्र में छठे स्थान पर रहा। आइसलैंड दुनिया का सबसे शांतिपूर्ण देश बना हुआ है,जो 2008 से इस स्थिति में है। यह न्यूजीलैंड, डेनमार्क,पुर्तगाल और स्लोवेनिया द्वारा सूचकांक के शीर्ष पर शामिल हो गया है। अफगानिस्तान लगातार चौथे वर्ष दुनिया का सबसे कम शांतिपूर्ण देश है,इसके बाद यमन,सीरिया,दक्षिण सूडान और इराक हैं। यमन को छोड़कर,सभी को कम से कम 2015 के बाद से पांच सबसे कम शांतिपूर्ण देशों में स्थान दिया गया है,2010 के बाद से अफगानिस्तान को तीन सबसे कम शांतिपूर्ण देशों में स्थान दिया गया है। भारत अपने पिछले साल की रैंकिंग से दो पायदान ऊपर चढ़कर दुनिया का 135 वां सबसे शांतिपूर्ण देश और इस क्षेत्र में 5 वां देश बन गया है। इस क्षेत्र में भूटान और नेपाल को पहले और दूसरे सबसे शांतिपूर्ण के रूप में नामित किया गया है। हिंसा के जरिये जोर जुल्म से बात मनवाना असहिष्णुता है। असहिष्णुता गुंडों के द्वारा की जाती है। असहिष्णुता से दृढ़ संकल्पित रूप से सामना करने की जरुरत है। रक्त से किसकी प्यास बुझती है,क्या आप जानते हैं? पिशाचों व पशुओं की,तुम तो फिर मनुष्य ही हो। असहिष्णुता गुंडाराज को चरितार्थ करती है। बोलने का अधिकार हमारा जन्मजात अधिकार है। यदि बोलना बंद कर दिया गया तो हमारी आवाज़ और हमारे विचार सीमित हो जाएंगे। इसलिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(क) के अंदर हमें बोलने की स्वतंत्रता दी गई है। यह हमारा मौलिक अधिकार है। अतः हम इसे लेकर न्यायालय में भी जा सकते हैं। भारतीय संविधान में स्वतंत्रता का अधिकार मूल अधिकारों में सम्मिलित है। इसकी 19,20,21 तथा 22 क्रमांक की धाराएँ नागरिकों को बोलने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सहित 6 प्रकार की स्वतंत्रता प्रदान करतीं हैं। भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भारतीय संविधान में धारा 19 द्वारा सम्मिलित 6 स्वतंत्रता के अधिकारों में से एक है। 19(क)वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता,19(ख)शांतिपूर्ण और निरायुद्ध सम्मेलन की स्वतंत्रता,19(ग) संगम, संघ या सहकारी समिति बनाने की स्वतंत्रता,19(घ) भारत के राज्य क्षेत्र में सर्वत्र अबाध संचरण की स्वतंत्रता,19(ङ)भारत के राज्यक्षेत्र में सर्वत्र कही भी बस जाने की स्वतंत्रता,19(छ)कोई भी वृत्ति,उपजीविका,व्यापार या कारोबार की स्वतंत्रता। भारत में जो आपसी सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करे वह भारतीय कम व आतंकी ज्यादा है। मानवता,सहिष्णुता की जननी है। सच्ची मानवता तब जन्मेगी,जब दुनिया से असहिष्णुता मिटेगी,जब दुनिया में लोगों को जीने की स्वतंत्रता होगी,जब दुनिया से वहशीपन हटेगा,जब उगता सूरज सारे अँधेरे को लील जाएगा, जब शेर की गर्जन से हिरन जान बचाकर नहीं भागेंगे, शेर पर भरोसा होगा तब दुनिया से बुराई का अंधकार छट जाएगा और सही मायने में सहिष्णुता का राज होगा। बृहदारण्यक उपनिषद में विद्यमान एक मन्त्र है। यह मन्त्र मूलतः सोम यज्ञ की स्तुति में यजमान द्वारा गाया जाता था। असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मामृतं गमय ॥ - बृहदारण्यकोपनिषद् 1.3.28। जिसका अर्थ है - मुझे असत्य से सत्य की ओर ले चलो। मुझे अन्धकार से प्रकाश की ओर ले चलो। मुझे मृत्यु से अमरता की ओर ले चलो॥ एक समय था जब भारत की संस्कृति किसी परिचय की मोहताज नहीं थी। हिंदुस्तान की संस्कृति ऋग्वेद जितनी पुरानी है। ऋग्वेद की रचना ईसा मसीह के जन्म लेने के 2500 वर्ष पूर्व की है। सफल जीवन के चार सूत्र हैं-जिज्ञासा,धैर्य,नेतृत्व की क्षमता और एकाग्रता। जिज्ञासा का मतलब जानने की इक्षा।

## हिन्दी भाषा को सर्वांग सुंदर बनाने का लें संकल्प

**योगेश कुमार गोयल**

भले ही आज हमारे देश में ही कुछ लोग हिन्दी के उपयोग को लेकर कभी-कभार बेवजह का विवाद खड़ा कर अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास करते दिखते हैं लेकिन हर भारतीय के लिए गर्व की बात यह है कि हिन्दी को चाहने वालों की संख्या अब दुनियाभर में लगातार बढ़ रही है। डा. फादर कामिल बुल्के ने संस्कृत को मां, हिन्दी को गृहिणी और अंग्रेजी को नौकरानी बताया था। आयरिश प्रशासक जॉन अब्राहम ग्रियर्सन को भारतीय संस्कृति और यहां के निवासियों के प्रति अगाध प्रेम था, जिन्होंने हिन्दी को संस्कृत की बेटियों में सबसे अच्छी और शिरोमणि बताया था। दूसरी ओर हमारे ही देश में कुछ लोग कुतर्क देते हैं कि भारत सरकार योग को तो 177 देशों का समर्थन दिलाने में सफल हो गई लेकिन हिन्दी के लिए 129 देशों का समर्थन भी नहीं जुटा सकी और इसे अब तक संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनाने में भी सफलता नहीं मिली। हालांकि इस प्रकार की नकारात्मक बातों से न हिन्दी का कुछ भला होने वाला है और न ही उसका कोई बिगड़ने वाला है। ऐसे व्यक्ति हिन्दी की बढ़ती ताकत का यह सकारात्मक पक्ष बहुत चालाकी से नजरअंदाज कर देते हैं कि आज विश्वभर में करोड़ों लोग हिन्दी बोलते हैं। हिन्दी को लेकर भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने एक बार कहा था–

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सब देसन से लै करहू, भाषा माहि प्रचार।।

अर्थात् अपनी भाषा से ही उन्नति संभव है क्योंकि यही सारी उन्नतियों का मूलाधार है। मातृभाषा के ज्ञान के बिना हृदय की पीड़ा का निवारण संभव नहीं है। देश-विदेश के बड़े-बड़े विद्वानों ने हिन्दी भाषा के महत्व को समय-समय पर अपने शब्दों में व्यक्त किया है। पुरुषोत्तमदास टंडन मानते थे कि जीवन के छोटे से छोटे क्षेत्र में भी हिन्दी अपना दायित्व निभाने में समर्थ है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनसम्पर्क के लिए हिन्दी को ही सबसे उपयोगी भाषा मानते थे। हिन्दी भाषा के महत्व को स्वीकारते हुए वह कहा करते थे कि सम्पूर्ण भारत के परस्पर व्यवहार के लिए ऐसी भाषा की आवश्यकता है,



जिसे जनता का बड़ा भाग पहले से ही जानता-समझता है और राज व्यवहार में हिन्दी को काम में लाना देश की शीघ्र उन्नति के लिए आवश्यक है। गांधी जी कहते थे कि दिल की कोई भाषा नहीं है, दिल दिल से बातचीत करता है और राष्ट्रभाषा के बिना एक राष्ट्र गूंगा है। अमेरिका के जाने-माने चिकित्सक वॉल्टर चेनिंग का कहना था कि विदेशी भाषा का किसी स्वतंत्र राष्ट्र के राजकाज और शिक्षा की भाषा होना सांस्कृतिक दासता है। माखनलाल चतुर्वेदी हिन्दी को देश और भाषा की प्रभावशाली विरासत मानते थे जबकि राहुल सांस्कृत्यायन के अनुसार संस्कृत की विरासत हिन्दी को जन्म से ही मिली है। बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' का कहना था कि राष्ट्रीय एकता की कड़ी हिन्दी ही जोड़ सकती है। महात्मा गांधी के हिन्दी प्रेम को परिभाषित करता वर्ष 1917 का एक ऐसा किस्सा सामने आता है, जब कलकत्ता में कांग्रेस अधिवेशन के मौके पर बाल गंगाधर तिलक ने राष्ट्रभाषा प्रचार संबंध कांफ्रेंस में अंग्रेजी में भाषण दिया था और गांधी जी ने उनका वह भाषण सुनने के पश्चात् उन्हें हिन्दी का महत्व समझाते हुए कहा था कि वह ऐसा कोई कारण नहीं समझते कि हम अपने देशवासियों के साथ अपनी ही भाषा में बात न करें। गांधी जी ने कहा था कि अपने लोगों के दिलों तक हम वास्तव में अपनी ही भाषा के जरिये पहुंच सकते हैं। दरअसल हिन्दी ऐसी भाषा है, जो प्रत्येक भारतीय को वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाती है। बहुत सारे देशों में अब वहां की स्थानीय भाषाओं के साथ हिन्दी भी बोली जाती है। इसके अलावा दुनिया के सैंकड़ों विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती है और यह वहां अध्ययन, अध्यापन तथा अनुसंधान की भाषा भी बन चुकी है। दुनियाभर में आज करीब 75 करोड़ व्यक्ति हिन्दी बोलते हैं और जिस प्रकार वैश्विक परिदृश्य में हिन्दी की स्वीकार्यता निरन्तर बढ़ रही है, उसे देखते हुए यह कहना असंगत नहीं होगा कि अब वह दिन ज्यादा दूर नहीं, जब हमारी राजभाषा हिन्दी चीन की राजभाषा चीनी को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच जाएगी। विश्वभर में हमारी हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री 'बॉलीवुड' का नाम है, जहां हर साल करीब डेढ़ हजार फिल्में बनती है।

# मध्यवर्गीय जीवन का दस्तावेज है 'मन बोहेमियन'

### सूडोकु नवताल- 5799

✶✶✶✶☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5798 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

**प्रभुनाथ शुक्ल**

साहित्यकार रामनगीना मौर्य का हालिया में प्रकाशित कहानी संग्रह 'मन बोहेमियन' मध्यवर्ग के जीवन पर आधारित अनूंठा कहानी संग्रह है। संग्रह में चौदह कहानियाँ हैं जिसमें पहली कहानी गोद और अंतिम पचपन कहानियां है। सभी कहानियां के चरित्र हमारे आसपास बिखरे पड़े मिलते हैं। मन बोहेमियन संग्रह की ग्यारहवीं कहानी है। हाल के सालों में लेखक के कई कहानी संग्रह आ चुके हैं। मौर्य की कहानियाँ भाषा, कथ्य, तथ्य और शैली पर खरी उतरती हैं और पाठकों को अंततक बांध रखती हैं।

मन बोहेमियन की कहानियाँ भी पाठक को अंत तक अपने साथ बने रहने को मजबूर करती है। कहानियों को पढ़ने के दौरान पाठक को लगता है कि जैसे संबंधित घटना क्रम उसके आसपास कि रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा है। कहानियों को पढ़ने से लगता है जैसे कहानीकार जीवन की विसंगतियों को खुद जिया है या सम्बंधित पात्र उसके आसपास बिखरे हैं। पाठक मौर्य की कहानियों से गुजरता है तो ऐसा लगता है जैसे पात्रों का जीवन उसके जीवन संघर्ष से कहीं न कहीं से मेल ख़ाता है। मध्मवर्गीय जीवन में आने वाली परेशानियां और मामूली बातें जीवन में किस तरह समस्या बनती हैं उसका चित्रण कहानीकार ने संवाद के जरिए बेहद साफगोई से किया है। देशी कहावतों और मुहावरों के साथ अंग्रेजी, उर्दू, फारसी संस्कृत शब्दों का भी खुला प्रयोग किया गया है। कहानियों में लोकभाषाओं के साथ उदाहरणों में संस्कृत का भी



अत्यंत सुंदर और सुखद प्रयोग है। जिस कहानी 'मन बाहेमियन' पर कहानी संग्रह का नाम पड़ा है, उसमें जीवन की विसंगतियों और संघर्ष का द्वंद्व है। इसमें मुख्य पात्र कोई नहीं है। यह कहना अच्छा होगा कि जीवन के विविध आयाम की पंचमेल खिचड़ी है यह कहानी। जैसा कि लेखक ने खुद कहा है कि यह कहानी होकर भी कहानी नहीं है। यह कहानी अव्यवस्थागत जीवन का सुंदर फ्रेम है।

वैसे बाहेमियन का अर्थ यूरोपियन और स्लेविक भाषा बोलने वालों से है। इसके दूसरे अर्थ में इसका मतलब बिखरे हुए जीवन से भी है। लेकिन लेखक कहानी संग्रह का नाम इतने गूढ शब्द पर क्यों रखा यह समझ से परे है। कहानी मच्छर महात्म व्यंग शैली में लिखी गई है यह भी पाठक को बाधने में सक्षम है। शगुन, गार्जियन और घड़ी भी बेहद प्रभावशाली कहानी है। सभी कहानियाँ पाठक के मन-मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव छोड़ती हैं। रामनगीना मौर्य की कहानियों में वर्णनात्मक शैली का अच्छा प्रभाव दिखता है। कहानीकार ने रामचरित मानस की चैपाईयों का भी खुल कर प्रयोग किया है। कहानियां मध्यमवर्गीय परिवार के मध्य से निकलती हैं। कहानियों को पढ़ कर पाठक सोचता है कि यह तो हमारे बीच की समस्याएं और बातें हैं। जिसे कहानीकार ने बेहद संजीदगी से पिरोया है। लेखक ने कहानी के बहाव को खुली स्वच्छंदता और स्वतंत्रता दी है। जैसा कि लेखक रामगनीना मौर्य खुद मानते हैं कि मेरी कहानियों का विषय बेहद गंभीर नहीं है। जहां हैं जैसा के अधार पर कहानियों की रचना हुई है। कहानियों में गोद, मदद, दो फरियादी, भूल -सुधार, गण-पूर्ति का खेल, बोलते पत्थर, मच्छर महात्म, घड़ी, शगुन, गार्जियन, मन बोहेमियान, गलतफहमी, शिकार और पचपन कहानियां इस संग्रह में शामिल हैं।

कहानियों में विस्तार के लिए लेखक ने गालिब और अन्य शायरों की शायरी को भी माध्यम बनाया है। देशज भाषा का भी खूब प्रयोग किया गया है। अंग्रेजी शब्द कमअजकम का प्रयोग कई बार आया है। फील गुड फैक्टर्स, पैडोराबॉक्स, अवाँगगर्दी, सुर्ख सुफैद, नॉस्टैल्जिया, खरांमा-खरांमा, मरदुमशनाश, मोनोटाँनस, कुंदजहनीपना, प्रॉस एंड काँस, मॉस्किटो, रिपैंट्स तआरुर्फ जैसे शब्द को पढ़ना, उसका उच्चारण सामान्य वर्ग के पाठक के लिए सामान्य स्थिति नहीं है। मेरे विचार से कहानी में हमेशा आम बोलचाल की भाषा का ध्यान रखना चाहिए। भाषाओं को थोपना नहीं चाहिए।

## भारत तमाशबीन क्यों बना हुआ है?

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर ने अलग-अलग मौकों पर अफगानिस्तान के बारे में जो भी कहा है, वह शतप्रतिशत सही है लेकिन आश्चर्य है कि भारत की तरफ से कोई ठोस पहले क्यों नहीं है? 20 प्रमुख देशों के जी-20 सम्मेलन में दिया गया मोदी का भाषण अफगानिस्तान की वर्तमान समस्याओं या संकट का जीवंत वर्णन करता है और उसके समाधान भी सुझाता है। जैसे सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का संदर्भ देते हुए मोदी ने मांग की कि काबुल में एक सर्वसमावेशी सरकार बने, वह नागरिकों के मानव अधिकारों की रक्षा करे, वह स्त्रियों का सम्मान करे और अफगान अर्थ-व्यवस्था को पटरी पर लाकर अफगान जनता को अकाल से बचाए। उनका सबसे ज्यादा जोर इस बात पर था कि तालिबान सरकार आतंकवाद को बिल्कुल भी प्रश्रय न दे। वह किसी भी देश का मोहरा न बने और पड़ौसी देशों में आतंकवाद को फैलने से रोके। लगभग यही बात विदेश मंत्री जिस देश में भी जाते हैं, बार-बार दोहराते रहते हैं। ये दोनों सज्जन सिर्फ इसी बात से संतुष्ट दिखाई पड़ रहे हैं कि अफगानिस्तान के बहाने वे हर जगह पाकिस्तान को आड़े हाथों ले रहे हैं। यहां मुख्य सवाल यह है कि हमें अफगान-संकट को हल करना है या पाकिस्तान को कूटनीतिक पटकनी मारनी है? हम खुश हैं कि इस वक्त हमने पाकिस्तान को घसीटकर हाशिए में डलवा दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने अभी तक इमरान खान से हाय-हलो तक नहीं की है। हमारी यह समझ गलत है कि यह हमारी वजह से हो रहा है। यह इसलिए हो रहा है कि पाकिस्तान इस वक्त चीन की गोद में बैठा है और चीन व अमेरिका के बीच शीत-युद्ध चल रहा है। ज्यों ही चीन से अमेरिकी संबंध सहज हुए नहीं कि पाकिस्तान दुबारा अमेरिका का प्रेम-भाजन बन जाएगा। पाकिस्तान की किस्मत में लिखा है कि वह सदैव किसी न किसी महाशक्ति का दुमछल्ला बनकर रहेगा। भारत न तो कभी किसी महाशक्ति का दुमछल्ला बना है और न ही उसे कभी बनना चाहिए लेकिन इधर उल्टा ही हो रहा है। अफगानिस्तान के मामले में ही नहीं, चौगुटे (क्वाड) के चंगुल में भी वह इस तरह फंसा हुआ है कि उसकी स्वतंत्र विदेश नीति कहीं छिपी-छिपी– सी नज़र आने लगी है। बजाय इसके कि वह तालिबान से सीधी बात करता, जैसे कि अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और यूरोपीय समुदाय कर रहे हैं, हमारे विदेश मंत्री अन्य छोटे-मोटे देशों के चक्कर लगा रहे हैं। जो महाशक्तियां तालिबान से सीधे बात कर रही हैं, उनके मुकाबले भारत अफगानिस्तान का सबसे निकट पड़ौसी है और उसने वहां 500 से भी ज्यादा निर्माण कार्य किए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेक्टर ओर ई रिक्शा में भिडंत, 4 गम्भीर घायल

**कैलारस।** शुक्रवा की सुबह भटपुरा पर ट्रैक्टर और ई रिक्शा आपस में टकरा गए, जिसमें 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला चिकित्सालय रैपर किया गया है। जानकारी के अनुसार बल्हेरा गांव के निवासी सुबह गमी में फेरा करने के लिए (सिकरौदा) के पास भगत पुरा गए हुए थे, तभी लौटते समय भटपुरा के पास ट्रैक्टर ओर ई रिक्शा में भिडंत हो गई जिसमें ट्रेक्टर में सवार बैजनाथ कुशवाह पिता रजोरीराम कुशवाह उम्र 41 वर्ष, निवासी आदर्श कालोनी कैलारस लक्ष्मण कुशवाह पुत्र फोजीराम कुशवाह उम्र 51 वर्ष निवासी बाल्हेरा, विश्राम पिता खेमा कुशवाह उम्र 60 वर्ष निवासी बाल्हेरा, हल्का कुशवाह पुत्र प्यारे लाल 40 वर्ष निवासी को परिजन स्वास्थ्य केंद कैलारस ले कर आए, जहां डॉ चैतन गोयल द्वारा प्रथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय मुरैना रेफर किया गया। इसके अलावा ट्रेक्टर व ई रिक्शा में सवार कुछ अन्य लोग भी घायल हुए है।



### भंडारे के दौरान मधुमक्खियों का हमला सैकड़ों लोगों को काट खाया

**अम्बाह।** धोबाटी मड़ैया गांव स्थित स्थित माता के मंदिर आयोजित भंडारे के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इस हमले में आधा दर्जन श्रद्धालु मधुमक्खियों के काटने से घायल हो गए। एक घायल को अम्बाह में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार धोबाटी मड़ैया गांव स्थित माता के मंदिर पर दशहरा के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया था इस भंडारे में शामिल होने के लिए श्रद्धालु काफी संख्या में पहुंचे थे। शाम 5 बजे जब भंडारा चल रहा था, तभी अचानक वहां पेड़ पर लगा मधुमक्खी का छत्ता टूट गया। छत्ता टूटते ही मधुमक्खियों ने वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के झुंड द्वारा यकायक हमला करने से वहां मौजूद श्रद्धालु अपनी जान बचाकर इधर-उधर भागे। मधुमक्खियों के झुंड ने करीब दो सैकडा लोगों को अपना शिकार बना लिया मधुमक्खियों के काटने से लोगो के घायल होने की सूचना मिलते ही अन्य ग्रामीण वहां पहुंच गए। एक युवक को मधुमक्खी ने ज्यादा खा लिया, जिसे लेकर लोग अस्पताल आए, जहां उसका उपचार जारी है। अचानक मधुमक्खियों के हमले से भंडारे में मौजूद लोग अपने-अपने घरों की तरफ भाग गए। वहीं कार्यक्रम के आयोजन करने वाले मुख्य पुजारी को भी मधुमक्खियों ने अपना शिकार बना लिया।



### बकाया राशि एवं नियमित देयकों का भुगतान तत्काल करें

**मुरैना।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बकाया राशि वसूली के लिए सघन प्रयास किये जा रहे हैं। इन प्रयासों के अंतर्गत बकाया राशि वसूली के लिए घर-घर जाकर बिजली कर्मचारी और अधिकारी राजस्व वसूली में लगे हैं। कंपनी के सभी वृत्त कार्यालयों में समीक्षा बैठकें आयोजित कर मैदानी स्तर पर राजस्व वसूली की वृद्धि के प्रयास तेज कर दिये गये हैं। सभी मैदानी अधिकारियों को बकाया राशि वसूली करने,भू-राजस्व संहिता के अंतर्गत सी-फार्म एवं कुर्की करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने यह भी निर्देश दिये हैं कि विजीलेंस द्वारा बनाये गये प्रकरणों में बकाया राशि की वसूली भी तेज की जाए। इसके अलावा ऑडिट द्वारा निकाली गई बकाया राशि और अन्य कारणों से बकाया राशि को उपभोक्ता के बिल में जोड़कर राजस्व वसूली की जाए। यह भी निर्देश दिये गये हैं कि काटे गये कनेक्शनों की रात्रि में चेकिंग की जाए ताकि बकायादार उपभोक्ता अवैध रूप से बिजली का उपयोग न करें और यदि कोई उपभोक्ता ऐसा करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध बिजली अधिनियम-2003 की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण बनाया जाए। कंपनी ने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा है कि टीम भावना से कार्य कर लक्ष्य की प्राप्ति करें।

### अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के लिए तिथियां निर्धारित

**मुरैना।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित अल्पसंख्यकों के लिए प्रदाय तीन प्रकार की छात्रवृत्ति वर्ष 2020-21 के आवेदन ऑन लाइन दर्ज करने हेतु तिथियां जारी की गई है।

# जिले भर में धूमधाम से मना दशहरा पर्व





### पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाईन में किया शस्त्र पूजन

**मुरैना।** असत्य पर सत्य का प्रतीक दशहरा जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। शहर में भी दशहरा के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित हुए। पुलिस लाइन दशहरा के पर्व पर पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार व अति. पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया की मौजूदगी में हथियारों, मशीनों और वाहनों का परम्परागत तरीके से विधिवत पूजन किया गया। इस अवसर कलेक्टर बी कार्तिकेयन, निगम आयुक्त संजीव जैन विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा सीएसपी अतुल सिंह, एसडीओपी हेडक्वाटर, आरआई, सिटी कोतवाली, स्टेशन रोड व सिविल लाइन थाना प्रभारियों सहित अन्य पुलिस अफसर भी शस्त्र पूजन के दौरान मौजूद रहे। वहीं शहर में भी लोगों ने अपने शस्त्र, वाहन सहित मशीनरी का पूजन किया गया। दशहरा के अवसर पर जिले भर में लोगों ने अपने शस्त्रों सहित मशीनरी व वाहनों का विधिवत पूजन किया। वहीं दशहरा के पर्व में बाजार में वाहनों को सजाने की सामग्री सहित फूलों आदि की शहर की सजी दुकान पर लोग खरीददारी करते नजर आये। दशहरा पर्व शुक्रवार की सुबह से ही बाजारों में चहल-पहल शुरू हो गई। दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें सजाकर बैठ गये। खरीददारी करने वालों की भीड़ बाजार में अधिक होने के कारण जगह-जगह पुलिस व्यवस्था तैनात थी। सड़क किनारे फूल माला बेचने वालों की कतारें लगीं रहीं तथा पन्नी की रंग बिरंगी मालाओं की दुकानें भी सजकर तैयार थी। वहीं चार पहिया व दो पहिया वाहनों की धुलाई सेंटर पर भी गाड़ी धुलवाने की भीड़ देखी गई। लोगों ने अपने-अपने वाहन व अस्त्र-शस्त्र का पूजन विधि विधान से किया, लोगों ने पटाखे भी चलाए।

### दशहरा के पावन पर्व पर विधि विधान से किया गया शस्त्र पूजन

झुण्डपुरा। नगर परिषद झुण्डपुरा में दशहरे के अवसर पर वाहनों का पूजन किया गया तथा पुलिस चौकी झुण्डपुरा में पुलिस विभाग द्वारा उपलब्ध शस्त्रों का पूजन किया गया। इस मौके पर सतेंद्र सिंह गुर्जर, रुपसिंह जाट समेत पुलिस चौकी का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। शुक्रवार को सुबह संपूर्ण विधि विधान से शस्त्रों व वाहनों का पूजन हिंदू मान्यताओं के अनुसार शस्त्रों को मंत्रोच्चार के साथ रोली व अक्षत लगाकर पूजन किया गया। वहीं नगरपालिका परिषद में सी.एम.ओ.अशोक बंसल ने नगर परिषद में फायरब्रिगेड सहित सभी वाहनों का विधिवत आचार्य अनिल बुधौलिया के आचार्योत्व में पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर सीएमओ अशोक बंसल, रामवरन शर्मा, हेमंत शर्मा, अशोक शर्मा, सुनील शर्मा, मुन्नालाल शर्मा, रामेश्वर जाटव, बाबूसिंह, मातादीन कुशवाहा सहित स्टाफ उपस्थित रहा।




### थाना परिसर में दशहरा के अवसर पर की शस्त्र पूजा

कैलारस। थाना परिसर में दशहरा के अवसर पर शस्त्र पूजा की गई। असत्य पर सत्य की जीत का यह पर्व विजयादशमी के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर शस्त्र को मां दुर्गा के रूप में यह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। शस्त्र पूजन का यह आयोजन कैलारस, चिन्नोनी, पहाडगढ में आयोजित किया गया, जिसमें कैलारस थाने में एसडीओपी शशि भूषण रघुबंशी, थाना प्रभारी देवेन्द्र कुशवाह, उपनिरीक्षक अमर सिंह राजावत, वी के गुप्ता, सौरव तोमर, प्रीति जादौन, आरक्षक रोहित, विष्णु शर्मा, वीरपाल जाट, श्याम वीर, सुरेन्द, अटल शर्मा सहित अन्य स्टाफ द्वारा पूर्ण विधि विधान से शस्त्रों की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान परम्परागत रूप से शस्त्र चालन की रश्मों का निर्वहन भी अधिकारियों द्वारा किया गया। मां दुर्गा की पूजा अर्चना, आरती पश्चात अधिकारियों ने समस्त नगर व क्षेत्र वासियों को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी।



## सांई बाबा की पालकी पर हुआ भव्य कार्यक्रम



**मुरैना।** सांई समाधि दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को श्री सांई भक्ति महिला मण्डल द्वारा बाबा जी का भव्य कार्यक्रम किया गया। जिसमें डॉ हरीलाल के निवास से पालकी प्रारम्भ कर हाउसिंग बोर्ड कॉलौनी की अनेकों गलियों में भ्रमण कर सांई दरवार (जे.एस. पब्लिक स्कूल) पर विराम दिया गया। इस अवसर पर दोपहर 2:15 बजे से बाबा संकीर्तन आरम्भ किया गया, जो देर शाम तक जारी रहा। काय्रक्रम के अगले क्रम में सांई बाबा की 31 दीपकों के साथ आरती, छप्पन भोग, फूल बंगला एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। साथ ही सांई बाबा के भक्तों ने बाबा के उद्देश्य को लेकर असहाय, बेसहारा लोगों को भोजन एवं वस्त्र वितरण किया गया। अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा गर्ग, सचिव अलका गर्ग, कर्नल सिंघल, नीता बंसल, आशा पाठक, नूतन अग्रवाल, अनीता, श्रीमती ललिता दीक्षित, श्रीमती नीरज दीक्षित, निर्मल हरि, देवी शरण गर्ग, नीरज गर्ग आदि भक्त गण शामिल हुए। उक्त जानकारी पुजारी देवी शरण ने दी है।

## 15 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक अस्थाई आतिशबाजी विक्रय लायसेंस जारी होंगे



**मुरैना।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बक्की कार्तिकेयन ने बताया कि दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुये विस्फोटक नियम 2008 के नियम 84 के अन्तर्गत सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को उनके क्षेत्राधिकार अन्तर्गत प्रस्तावित आतिशबाजी लायसेंस (50 किलोग्राम तक) जारी करने के लिये अधिकृत किया गया है। जिसमें मुरैना के लिये मेला ग्राउण्ड मैदान, बानमौर के लिये वार्ड नंबर-7 पानी की टंकी के पास, जौरा के लिये खेल मैदान, अम्बाह के लिये पचासा मैदान, पोरसा के लिये थाना परिसर के पीछे, सबलगढ़ के लिये नेहरू महाविद्यालय प्रांगण पानी की टंकी के पास और कैलारस के लिये शक्कर कारखाना प्रांगण में आतिशबाजी की दुकान लगाने की सहमति प्रदान की है। जिला दण्डाधिकारी ने बताया कि अनुज्ञप्तिधारी का दुकान का आवंटन लॉटरी सिस्टम से, आतिशबाजी की अस्थाई दुकान के अभिन्यास दो दुकाने के बीच 3 मीटर खाली जगह होनी चाहिये। केवल लोहे की सीट का ही उपयोग दुकानों में किया जाये। आतिशबाजी को सुरक्षित एवं ज्वलनशील सामग्री से बने सेड में बना जाये। आतिशबाजी की दुकान के 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। लायसेंसधारी, लायसेंस में वर्णित मात्रा में ही आतिशबाजी भंडारित करें। केवल लायसेंसधारी द्वारा ही आतिशबाजी का विक्रय किया जावे, अनाधिकृत रूप से विक्रय करने वाले के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाही की जाये। आतिशबाजी सार्वजनिक स्थल, घनी आवादी, अनाधिकृत रूप से संग्रहण करते हुये पाये जाते है तो उसे तत्काल जब्त कर वैधानिक कार्रवाही की जावेगी। प्रत्येक दुकान में पोर्टटेबल फायर फायटिंग, पानी का ड्रम, वाल्टी, रेत अनिवार्यतः उपलब्ध रहे। आतिशबाजी स्थल के समीप चाय, धूम्रपान की दुकान पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। आतिशबाजी विक्रय परिसर में फायरबिग्रेड, टेंकर अनिवार्यतः मौजूद रहेंगे। वाहनों की पार्किंग व्यवस्था दुकानों से 50 मीटर की दूरी पर रहेगी। आतिशबाजी विक्रय स्थल पर सादा वर्दी में तैनात रहेंगे, जो संदिग्ध, असामाजिक व्यक्तियों पर पैनी नजर बनाये रखेंगे। दुकान में प्रकाश आदि के लिये किसी भी प्रकार का तेल, लेम्प एवं खुली बत्ती का प्रयोग नहीं होगा। केवल बिजली की लाइट प्रयोग करने पर उसे दुकान से हटकर लटकाना होगा।

## 25 अक्टूबर तक पांच रैक लगेंगी, लगभग 6 हजार मेट्रिक टन डीएपी मुरैना को मिलेगा: चंबल कमिश्नर

### अधिकारी वितरण व्यवस्था सुधारें, किसानों को हर हाल में खाद उपलब्ध करायें

### प्रायवेट दुकानों पर खाद की उपलब्धता न कराने पर उपसंचालक कृषि को कारण बताओ नोटिस

**मुरैना।** चंबल एवं ग्वालियर कमिश्नर आशीष सक्सेना ने खाद वितरण से जुड़े समस्त अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये है कि किसानों को रबि फसल के लिये खाद मिले। जिले में खाद की उपलब्धता बराबर मिलती रहेगी। इसके लिये 25 अक्टूबर तक 5 रैक मुरैना में लगेगी, जिससे 5 हजार 861 मैट्रिक टन डीएपी मुरैना को प्राप्त होगा। किसान संयम से काम लें। खाद की पर्याप्त मात्रा है, सभी को खाद प्राप्त होगा। चंबल कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जिले में खाद्य वितरण में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। प्रत्येक किसान को टोकन वितरण करें, खाद की उपलब्धता पर ही टोकन की संख्या वितरण की जाये ऐसा न हो कि किसान टोकन प्राप्त कर शाम को बिना खाद के घर लौट जाये। दुकान पर खाद उपलब्ध न हो तब किसान से मांग पत्र भरवाकर रखें। खाद प्राप्त होने पर तत्काल उसी किसान को सूचित करें। यह निर्देश उन्होंने गुरूवार को कलेक्टर कक्ष में अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर कलेक्टर बी.कार्तिकेयन, पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार, सीईओ जिला पंचायत रोशन कुमार सिंह, एसडीएम संजीव कुमार जैन, संयुक्त आयुक्त सहकारिता भोपाल अरविंद सिंह सेंगर, संयुक्त संचालक कृषि ग्वालियर, डीएल कोरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। चंबल कमिश्नर श्री सक्सेना खाद की मॉनीटरिंग एवं वितरण की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा के दौरान उपसंचालक कृषि पीसी पटेल प्रायवेट दुकानों पर खाद की उपलब्धता की जानकारी प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर कमिश्नर ने स्पष्ट निर्देश दिये कि उपसंचालक कृषि पी सी पटेल को एक-एक पल और एक-एक बोरी का हिसाब रखना चाहिये, जो पटेल द्वारा नहीं किया गया। इस पर कमिश्नर ने असंतोष व्यक्त करते हुये, उपसंचालक कृषि को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी एडवांस में कार्यवाही करें। खाद की रैक आने पर फोटो खींचकर तत्काल ट्रांसपोर्टर को निर्देशित करें। रेल्वे स्टेशन से खाद डबललॉक में न जाते हुये, सीधे सेल्स पॉइंट पर डीएपी पहुंचे। इसके लिये खाद वितरण से संबंधित अधिकारी पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करें। कृषि विभाग के सभी एसएडीओ और तहसीलदार एवं कोटवार चिन्हित पॉइंटों पर 24 घंटे सतत निरागनी बनाये रखें। जिले में 73 वितरण केन्द्र बनाये गये हैं, इन वितरण केन्द्रों पर पॉस मशीन लगी हुई है, अगर मशीन किसी कारणवश खराब होती है तो वहां लंबी-लंबी लाइनें देखने को नहीं मिलना चाहिये। इसके लिये भले ही किसान को ऑनलाइन की बजाये ऑफलाइन खाद का वितरण कराया जाये। जिसका लेखा-जोखा रजिस्टर में संधारित किया जाये। उन्होंने कहा कि कुछ सेंटर ऐसे हैं जो पॉस मशीन से खाद वितरण नहीं हो रहा है वहां की व्यवस्था पास के ही सेंटर पर कराई जाये जिससे किसान लंबी दूरी तक यात्रा करके परेशान न हों। संख्या अधिक होने पर ऑफलाइन भी खाद वितरण करने की व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि कई दुकानदार ऐसे हैं कि जो पॉस मशीन खराब बता रहे हैं और चोरी छिपे खाद का विक्रय कर रहे हैं, उनके लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किये जायें। चंबल कमिश्नर श्री सक्सेना ने कहा कि मुरैना जिले को डीएपी खाद की रैक 15 अक्टूबर को 832 टन 20 अक्टूबर को 1296 टन, 19 अक्टूबर को 790 टन, 21 अक्टूबर को 2343 टन और 24 अक्टूबर को 600 मैट्रिक टन डीएपी खाद मुरैना में पहुंचेगा। इसके लिये अधिकारी प्लानिंग से कार्य करें। मुझे किसी भी सेंटर की शिकायत या अफरा-तफरी का वीडियो वायरल होते हुये पाया तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही करूंगा।



## वन-टू-वन

### सिटिलाइट इलेक्ट्रिकल पर छापा मारा जहाँ मोदी फ़ेंस के 19 सीलिंग पंखे नक़ली बरामद




पुष्पांजली टुडे

**दतिया ।** मांस्टोंस कन्सल्टिंग एंड इन्वेस्टिगेशन प्राइवट लिमिटेड ने मोदी फ़ेंस के बिहाफ़ पर आज दतिया में सिटिलाइट इलेक्ट्रिकल पर छापा मारा जहाँ मोदी फ़ेंस के 19 सीलिंग पंखे नक़ली बरामद हुए और इनके खिलाफ़ मकद्दमा दर्ज किया। बताया जा रहा है कि मांस्टोंस कन्सल्टिंग एंड इन्वेस्टिगेशन प्राइवट लिमिटेड कंपनी मैं नियुक्त इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर के पद पर नियुक्त हरीश जी और उनके साथी अबसर जी ने दतिया कोतवाली पुलिस की मदद से दतिया में सिटीलाइट इलेक्ट्रिकल्स पर मारा छापा जहां पुलिस की मदद से मोदी फैंस के 19 सीलिंग पंखे नकली बरामद किए गए हुआ मुकदमा दर्ज।



### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का निकला पथ संचलन



**पथ संचलन का जगह जगह पुष्पबर्षा के साथ हुआ भव्य स्वागत**

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक
पुष्पांजली टुडे

**लहार ।** नगर लहार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन नगर की प्रमुख गलियों से निकाला जिसमे कोरोना के चलते सोसल डिस्टेंस का पालन करते हुए नगर के स्वमसेवको को चार बस्तियों में विभाजित किया गया था जिसमे हायरसेकंडरी स्कूल के स्वमसेवक सरस्वती विद्यालय के स्वमसेवक तालेस्वर के स्वमसेवक घ?ी सरकार पर स्वमसेवक एकत्रित होकर नगर में पथ संचलन निकालकर लोहिया चोक पर पहुँचे और वहीँ से पथसंचलन एक माला में पिरोकर सरस्वती शिशु मंदिर तक ले जाया गया जहां ध्वज प्रणाम कर बन्दना का गायन किया गया और संचलन का समापन किया गया ।

**जगह जगह पुष्पबर्षा के साथ हुआ भव्य स्वागतः** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन का नगर के प्रबुद्धजनों ने पुष्पबर्षा के साथ भव्य स्वागत किया और पथ संचलन के मार्ग में लोग स्वागत की क?ी में ब? ही उत्साहित नजर आये ।

**चाक चौबंद पुलिस ब्यबस्था के बीच निकला पथ संचलनः** नगर में आज निकले पथ संचलन का थाना प्रभारी कुशल सिंह भदौरिया ने खुद ब्यबस्थाये देखते हुए नगर के चप्पे चप्पे पर पुलिस मुस्तेद कर दी और स्वयं भी पथ संचलन में ब्यबस्थाये देखते नजर आए और जब तक कि संचलन का समापन नही हुआ तब तक थाना प्रभारी महोदय सरस्वती शिशु मंदिर के बहार ख? नजर आये।

### मौ मंडल में भाजपा ने मनाई पूर्व राष्ट्रपति की जयंती



महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग
पुष्पांजली टुडे

**मौ गोहद।** मौ भाजपा मंडल महामंत्री राजू मिश्रा ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जी को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन करते कहा कि अपने शिक्षा और योग्यता के साथ भारत को वैज्ञानिक मिसाइल के तौर पर सुरक्षा प्रदान कर अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाने का काम किया उनका अनुभव ही भारत सरकार और अंतिम छोड़ के हर व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक रहा और उन्होंने सर्वप्रथम समाज को भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढाने का अपने विचारों के साथ जागृत किया। मिश्रा ने कहा कि हम सभी मंडल क्षेत्र से उनकी जयंती पर उन्हें ह्रदय से याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में जिला मंत्री फरेंदर सिकरवार, मंडल अध्यक्ष गोपाल कुशवाहा जी, कार्यक्रम प्रभारी पूर्व महामंत्री जगत सिंह कुशवाहा जी, मंडल महामंत्री राजू मिश्रा, मंडल महामंत्री सुल्तान मौर्य, पूर्व पार्षद महबूब खान, राजीव जैन कार्यालय मंत्री, डॉ बेताल गौड, सोनू खान आदि सम्मिलित हुए।

# सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में डायलिसिस एवं कार्डियोलॉजी यूनिट अक्टूबर माह के अंत तक हो जाएंगे प्रारंभः संभागायुक्त

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड
दैनिक पुष्पांजली टुडे
9826576206



**इंदौर।** संभागायुक्त डॉ पवन कुमार शर्मा ने आज सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, एमवाय हॉस्पिटल, चाचा नेहरू हॉस्पिटल एवं कैंसर हॉस्पिटल पहुंचकर लोक स्वास्थ्य हित में शुरू की जा रही नवीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। संभागायुक्त डॉ शर्मा ने सुपर स्पेशलिटी में बनाए जा रहे हैं ऑक्सीजन यूनिट का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कोरोना के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में जिले के सभी अस्पतालों में ऑक्सीजन यूनिट बनाए जा रहे हैं। इंदौर के सात शासकीय अस्पतालों में ऑक्सीजन यूनिट इंस्टॉल हो चुके हैं जो आगामी 5 से 10 दिवस में कार्यशील हो जाएंगे। इन ऑक्सीजन यूनिट में लिक्विड तथा एयर सेपरेशन के माध्यम से ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। संभागायुक्त डॉ शर्मा ने बताया कि सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में अक्टूबर माह के अंत तक डायलिसिस एवं कार्डियोलॉजी यूनिट को प्रारंभ कर दिया जाएगा जिससे इंदौर एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को बेहतर एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। उन्होंने बताया कि राज्य शासन द्वारा एक्सीडेंटल ट्रॉमा सेंटर, चाचा नेहरू हॉस्पिटल में डेडीकेटेड पीडियाट्रिक आईसीयू तथा माइक्रो बायोलॉजी लैब के उन्नयन के लिए लगभग 100 करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। उक्त राशि के प्रभावी उपयोग हेतु कार्य योजना तैयार की जा रही है जिससे बेहतर से बेहतर सुविधाएं लोगों को प्रदान की जा सके और कोरोना वायरस की आशंकित तीसरी लहर के लिए पूरी व्यवस्थाएं की जा सकें।

### रूपावास विजयदशमी पर शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित

नेनाराम सिरवी ब्यूरो
पुष्पांजली टुडे



नवरात्रि महोत्सव के दौरान पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत रूपावास के विद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं ग्रामीणों के सहयोग से विजयदशमी पर मां दुर्गा अष्टमी के पवित्र धार्मिक पर्व पर मंत्रों संघ विधि विधान से पूजा अर्चना की गई और भारत माता के नारे लगाकर शस्त्र पूजन का कार्यक्रम जोर-शोर के साथ संपन्न किया इस मौके पर आर एस एस मंडल किशनलाल। सुनील पूर्व प्रधान श्रवण बंजारा आजणा पटेल समाज के युवा समाजसेवी हरी भाई पटेल रूपावास। लक्ष्मण राम। देवेंद्र पटेल खेताराम भाटी। रमेश हंसराज आंशुबंजारा लालाराम सहित कई लोग मौजूद रहे।

# चित्तौड़ सांसद सीपी जोशी का भव्य किया स्वागत



नेनाराम सिरवी ब्यूरो
पुष्पांजली टुडे

**पाली ।** निकटवर्ती खोड़ कस्बे के ग्राम पंचायत परिसर में चित्तौड़ सांसद सीपी जोशी का आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सांसद सीपी जोशी वर्तमान में राजस्थान भाजपा कोर कमेटी के सदस्य हैं तथा वे जोधपुर से अपने लोकसभा क्षेत्र जाते समय खोड़ में भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने उन्हें रोक कर उनका स्वागत किया गया। सांसद ने कहा कि मेरे लोकसभा क्षेत्र की वल्लभनगर विधानसभा में अभी उपचुनाव हैं तथा आप सभी कार्यकर्ता वहां चुनाव में आए तथा वर्तमान राजस्थान सरकार जो हर मोर्चे पर भी विफल हैं उनकी नाकामयाबी को जनता जान चुकी है अत्याचार बढ़ रहे हैं हत्या व बलात्कार का ग्राफ दिनों दिन बढ रहा है इस मौके पूर्व सरपंच रुपेश दाधीच ,महेंद्रसिंह मेड़तिया, खेतलाजी ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिसिंह मेड़तिया ,उपसरपंच मालमसिंह मेड़तिया ,जिला परिषद सदस्य दुर्गा सीरवी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सीरवी, जगदीशचंद्र जोशी ,जगदीशचंद्र व्यास ,वरदाराम चौधरी ,समाराम चौधरी सुरेंद्रसिंह मेड़तिया, किरणसिंह चौहान ,पूर्व प्रधान श्रवण बंजारा ,जिला उपाध्यक्ष नारायणलाल कुमावत, कुपाराम चौधरी , भवानीसिंह मेड़तिया पत्रकार जीतू गोयल व ओपाराम मेघवाल सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सीरवी समाज जरगनहलि वडेर प्रागण मे नवरात्रि महोत्सव मनाया



पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा

**बेंगलूर**–सीरवी समाज कनकपुरा रोड जरगहलि वडेर में नवरात्रि का उत्सव दिन तक बड़े ही धूम-धाम से मनाया । नवरात्रि का कार्यक्रम 9 दिन तक चला । दिन में शाम 3 बजे से 6 बजे तक गरबा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। व नव दुर्गा पूजा अर्चना की गई। और अष्टमी के दिन अखंड नोरता करने वालो का पंडित द्वारा हवन यज्ञ में आहुतियां कराई गई। अष्टमी पर सजोड़े सुहाग सुहागन पूजा व नवमी पर कन्या पूजन भी हुआ। वढेर में विशेष श्रृंगार किया। व मंत्रोचार के साथ ज्योत प्रज्वलित की गई। अखंड ज्योत दर्शन लाभ भक्तों द्वारा लिया गया । मंडल की महिलाओं द्वारा संगीतम मंगल पाठ की प्रस्तुति पर उपस्थित भक्तगण झूम उठे। महिलाओं द्वारा नाच-गाकर माताजी को चुनड़ी ओढाई। इस अवसर पर अध्यक्ष पेमाराम गेहलोत, सचिव रतनलाल काग, उपाध्यक्ष मोहनलाल राठौड़ , सहसचिव मोहनलाल हांबड़, कोषाध्यक्ष बाबुलाल सेंणचा, सहकोषाध्यक्ष तेजाराम चोयल, व समस्त कार्यकारणी व सदस्य मौजूद थे।



### बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व विजयदशमी के अवसर पर पुलिस लाइन में शस्त्रों की साफ-सफाई कर शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संदीप प्रधान उप संपादक
पुष्पांजली टुडे

दतिया इस मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौड़ के द्वारा शस्त्रों का पूजन किया गया व सभी को दशहरा की शुभकामनाएं दी गई। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमल मौर्य, एसडीओपी बड़ौनी श्री दीपक नायक, एसडीओपी दतिया श्री सुमित अग्रवाल , डीएसपी महिला प्रकोष्ठ दिव्या राजावत, डीएसपी अजाक श्री राजू रजक, आर आई रवि कांत शुक्ला, टीआई कोतवाली, टीआई सिविल लाइन व अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे

# गौतम ऋषि नवयुवक मंडल के तत्वाधान में गरबा महोत्सव का आयोजन किया

नेनाराम सिरवी ब्यूरो
पुष्पांजली टुडे



**पाली ।** निकटवर्ती खोड़ कस्बे में गौतम ऋषि नवयुवक मंडल द्वारा गरबा महोत्सव लगातार 9 दिन मां अंबे की आरती के बाद युवक-युवतियों तथा महिलाओं के गरबा खेलकर माता की आराधना की पुजारी नारायणलाल रावल ने बताया कि नवरात्र महोत्सव के तहत माता की आरती के पश्चात शुरू हुए गरबा नृत्य में युवक-युवतियों ने बढ़ चढ़कर भाग लेकर गुजराती गीतों की धुन पर डांडिया खनकाकर माता की आराधना की दुर्गा अष्टमी पर मंदिर में दर्शनार्थियों ने दर्शन कर माता से खुशहाली की कामना की माता की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया गौतम ऋषि नवयुग मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा नृत्य में भाग लेने वाले सभी को इनाम दिया गया तथा उन्होंने व्यवस्था में सहयोग किया इस मौके पूर्व सरपंच रुपेश दाधिच जिला परिषद सदस्य दुर्गा सीरवी किरणसिंह चौहान पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रविंद्रसिंह मेड़तिया पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सीरवी, विजयराज मेहता, गौतमचंद मेहता, खीमराज मेहता, पत्रकार जीतू गोयल व पत्रकार ओपाराम मेघवाल सहित अतिथियों का व साफा पहनाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर गौतम ऋषि मित्र मंडल के दिनेश, हिम्मताराम ,कमलेश , विरेंद्र, प्रवीण, नरेश ,राजूराम ,सुरेश ,नरेंद्र , विनोद ,मुकेश, महेंद्र ,प्रकाश जलदाय विभाग से सेवानिवृत्त पेमाराम मीणा ,ओगड़राम मीणा, जलदाय विभाग से सेवानिवृत्त पूराराम मीणा सहित ग्रामीण मौजूद रहे मंच संचालन जस्साराम आगलेचा ने किया।

# विजयदशमी के अवसर पर औरैया नगर के नारायणपु मोहल्ले मे रावण दहन और भंडारे का आयोजन किया गया

**आकर्षण का केंद्र बने रावण के पुतले**

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**औरैया ।** नगर के नरायनपुर मोहल्ले में देर शाम आतिशबाजी के साथ रावण का हुआ दहन आयोजन से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रवासी काफी खुश नजर आए रावण का पुतला आकर्षण का केंद्र बने हुए रावण का वध होते ही दर्शकों ने जय श्रीराम के नारे लगाये मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के तीर से रावण धू-धू कर जल उठा लोगों ने आतिशबाजी का भी नजारा लिया पुतला दहन देखने के लिए आसपास के गांवों से हजारों की तादाद में लोग यहां पहुंचे

अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई एवं असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा इस साल धूमधाम से मनाया देर शाम मर्यादा पुरुषोत्तम राम एवं लंकापति रावण की सेना में युद्ध हुआ और अंत में रावण की सेना श्री राम की सेना से पराजित हो गई श्री रामचंद्र के तीर से लंकापति रावण धू धू कर जल उठा इसके बाद दर्शकों ने जय श्रीराम के नारे लगाए

दशहरे के अवसर पर जिले में लोग एक दूसरे को मिठाई खिलाने के बाद पान अवश्य खिलाते हैं इस दिन पान की खूब बिक्री होती है पान विक्रेता ने बताया कि उनकी दुकान में तमाम प्रकार के पान उपलब्ध हैं जिसमें मीठा पान, देशावरी पान,बंगला पान आदि किस्मे ज्यादा पसंद की जाती हैं उन्होंने बताया कि भोजन के उपरांत पान खाने से पाचन क्रिया तेज होती है पान के इस्तेमाल से मुंह की दुर्गंध आदि दूर होती है आयुर्वेद में पान के औषधीय गुणों का काफी विस्तार से वर्णन किया गया है पान का इस्तेमाल पूजन आदि के समय में भी किया जाता है आतिशबाजी चलाते समय विशेष ध्यान रखना चाहिए तेज आवाज और तेज रोशनी वाले पटाखों का इस्तेमाल करने से बचें।

### कलेक्टर ने मतगणना कक्ष एवं मतदान सामग्री वितरण स्थल का किया निरीक्षण

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड
दैनिक पुष्पांजली टुडे
9826576206

**खण्डवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनय द्विवेदी ने आज पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के साथ नवीन शासकीय महाविद्यालय नहाल्दा में मतदान सामग्री वितरण और मतगणना के लिए की जा रही प्रारंभिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नंदा भलावे कुशरे, अपर कलेक्टर एस.एल. सिंघाडे, एसडीएम खण्डवा प्रमोद कुमार पाण्डे भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री द्विवेदी ने यहां प्रवेश व निकास की व्यवस्थाओं के साथ ही स्ट्रांग रूम, मतगणना के लिए अलग अलग बनाए गए मतगणना कक्ष, वहां कराई जा रही बेरिकेटिंग और दूसरी व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर श्री द्विवेदी ने कहा कि मतगणना के लिए लगाई जाने वाली टेबिलों की दूरी ब?ाएं। वैसे ही मतदान सामग्री वितरण मतदान दलों को टेबल के माध्यम से किया जाएं, जहां पर उन्हें सामग्री मुहैया कराई जायेगी। ख्याल रहे कि एक जगह कर्मचारियों को इक्कठा होकर सामग्री प्राप्त करने के लिए मशक्कत न करना प?।



## वन-टू-वन

### दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन जारीः जिला प्रशासन और नगर निगम ने भोपाल के प्रमुख विसर्जन स्थलों पर की व्यापक व्यवस्था

**भोपाल।** देवी दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन गुरुवार शाम से ही प्रारम्भ हो गया है। इस दौरान प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए 15 एवं 16 अक्टूबर को भोपाल के प्रमुख घाटों रानी कमलापति घाट कमला पार्क, खटलापुरा, प्रेमपुरा घाट, सीहोर नाका, हथाईखेड़ा - अनंतपुरा, मालीखेड़ी, शाहपुरा, ईटखेड़ी और नरोन्हा सांकल विसर्जन स्थल पर पूरे विधि विधान से प्रशासन द्वारा की गई उत्कृष्ठ व्यवस्था के साथ किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अविनाश लवानिया द्वारा दशहरा पर्व और दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दृष्टिगत कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए शहर के प्रत्येक घाट पर अनुविभागीय अधिकारी, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं सहायक अधिकारी को विसर्जन कार्य समाप्ति तक के लिए तैनात किया गया हैं। विसर्जन के दौरान कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस कन्ट्रोल रुम दूरभाष 0755-255922, 255933 नगर निगम फतेहगढ के कन्ट्रोल रुम का दूरभाष 0755-2542222 स्थापित किया गया है।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष श्री शर्मा 15 अक्टूबर से चुनाव प्रचार पर

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा 15 अक्टूबर से चुनाव प्रचार पर रहेंगे। इस दौरान श्री शर्मा कार्यकर्ताओं के साथ विजयादशमी पर्व पर 15 अक्टूबर को पृथ्वीपुर में विजय संकल्प ध्वज के रूप में पार्टी का ध्वज फहराएंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा 16 एवं 17 अक्टूबर को बड़वाह तथा भीकनगांव के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान श्री शर्मा पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा 15 अक्टूबर पृथ्वीपुर में आकाश मैरिज गार्डन से कार्यकर्ताओं के साथ एक रैली के रूप में रवाना होंगे। रैली बस स्टैण्ड, अंबेडकर तिराहा, पुजरयाना मोहल्ला, साहू समाज मंदिर, लुकमान चौराहा होते हुए दोपहर 2.00 बजे वापस बस स्टैंड पहुंचेगी जहां प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा विजय संकल्प ध्वज फहराएंगे और नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे। श्री शर्मा 16 अक्टूबर को खंडवा लोकसभा क्षेत्र के बड़वाह के प्रवास पर रहेंगे। श्री शर्मा प्रातः 11 बजे विवेकानंद विद्या विहार में युवा सम्मेलन एवं दोपहर 12 बजे ग्राम बफलगांव में आमसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 1 बजे उमड़कर मार्केट में मुख्य चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करने के पश्चात् दोपहर 2.30 बजे पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। दोपहर 3 बजे नावलघाटखेड़ी में सामाजिक संगठनों के प्रमुख धार्मिक मठ मंदिर आश्रम में संपर्क करेंगे। श्री शर्मा सायं 4 बजे चित्रमोड में आमसभा एवं सनावद नगर में सायं 5 बजे बूथ व पन्ना समिति सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सायं 6.30 बजे ग्राम बडुद में जनसंपर्क, रात्रि 7 बजे समाज के गणमान्य नागरिक एवं की वोटर्स के साथ संवाद एवं रात्रि 8 बजे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा 17 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे बड़वाह से भीकनगांव पहुंचकर ग्राम अंजनगांव में आमसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष दोपहर 12 बजे आनंद श्री गार्डन में युवा सम्मेलन को संबोधित करने के पश्चात् दोपहर 1 बजे पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। दोपहर 2.30 बजे मारूगढ़ आश्रम में सामाजिक संगठनों के प्रमुख धार्मिक मठ मंदिर आश्रम में संपर्क करेंगे। दोपहर 3 बजे झिरन्या में बूथ व पन्ना समिति सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### आपस मे टकराई 2 मोटरसाइकिल में 12 वर्षीय बालक समेत 3 लोग घायल

**भोपाल।** थाना नजीराबाद के अंतर्गत दो मोटरसाइकिल के आपस में टकराने से 12 वर्षीय बालक समेत 3 तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एफआरवी-34 ने त्वरित चिकित्सालय पहुंचाया। नेटव्यूअर में लगे स्टाफ महिला आरक्षक 3411 लता नागले और महिला आरक्षक 990 रचना परमार ने एफआरबी 34 में लगे स्टाफ आरक्षक 1821 शिव भानु सिंह राजपूत और पायलट प्रशांत पंथी को तत्काल इवेंट की जानकारी दी। एफआरबी 34 स्टाफ द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को एफआरबी 34 द्वारा बैरसिया के सरकारी अस्पताल पहुंचा पहुंचा कर जान बचाई गई।

### प्रदेश अध्यक्ष ने दी विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत एवं प्रदेश सह संगठन महामंत्री हितानंद ने अधर्म पर धर्म की विजयोत्सव पर्व विजयादशमी पर प्रदेश के नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी है। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि विजयादशमी पर्व भगवान श्री राम जी की रावण पर अभूतपूर्व विजय का उत्सव है, जो हमें हर तरह की बाधाओं के बावजूद कर्त्तव्य पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। श्री शर्मा ने प्रदेश की जनता एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को विजयादशमी पर्व की बधाई देते हुए समाज सेवा में निरंतर तत्पर रहने का आव्हान किया है।

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा घर-घर की जा रही जांच, कीटनाशक रसायनों का किया जा रहा है छिड़काव

**भोपाल।** नगर निगम भोपाल द्वारा मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु घर-घर डेंगू लार्वा की जांच की जा रही है और फागिंग व हस्तचलित मशीनों से कीटनाशक रसायनों का छिड़काव किया जा रहा है तथा जांच के दौरान डेंगू लार्वा की संभावना वाले घरों में पानी के बर्तनों, टायर, गमले आदि को खाली कराकर सावधानी न बरतने वालों के विरूद्ध स्पॉट फाईन की कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम अमले ने अपने-अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में घर-घर जाकर डेंगू लार्वा की जांच की और विभिन्न क्षेत्रों में फागिंग व कीटनाशक रसायनों का छिड़काव कराया। निगम अमले ने नागरिकों को समझाइश दी कि घरों में पानी के पात्रों की नियमित रूप से साफ-सफाई कराए तथा कूलर, गमले,



टायर, पुराना सामान आदि में पानी एकत्र न होने दें। निगम अमले ने साफ-सफाई न रखने और बीमारियों से बचने हेतु सावधानी न बरतने वालों के विरूद्ध स्पॉट फाईन की कार्यवाही करते हुए 01 प्रकरण में 01 हजार 500 रुपये की राशि भी वसूल की। संभागायुक्त एवं नगर निगम प्रशासक श्री कवीन्द्र कियावत के निर्देश एवं निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी के आदेश पर निगम अमले ने गुरूवार को इतवारा, पायेला, रोजी लांड्री वाला क्षेत्र, राधाकृष्ण कालोनी, छावनी रोड, कबाड़खाना, चौकसे नगर, आरिफ नगर, नारियलखेड़ा, शारदा नगर, टीला जमालपुरा आदि क्षेत्रों में घर-घर जाकर डेंगू लार्वा की जांच की और कीटनाशक रसायनों का छिड़काव व फागिंग भी कराई।

## सभी ट्रामल मशीनों को पूरी क्षमता से चलाकर आदमपुर छावनी लैण्डफिल साईट के कचरे का निष्पादन शीघ्रता से करें



**भोपाल ।** निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने आदमपुर छावनी स्थित लैण्डफिल साईट का निरीक्षण करते हुए सभी ट्रामल मशीनों को पूरी क्षमता से चलाकर कचरे का निष्पादन शीघ्रता से करने, कचरा निष्पादन, आर.डी.एफ, एम.आर.एफ व खाद का विक्रय शीघ्रता से करने और उक्त कार्य की नियमित मॉनीटरिंग करने, 09 एकड़ भूमि को शीघ्र क्लियर करने और विंडो के माध्यम से गीले कचरे से खाद बनाने का कार्य भी शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री एम.पी.सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। निगम आयुक्त श्री के.वी.एस.चौधरी ने गुरूवार को आदमपुर छावनी लैण्डफिल साईट का निरीक्षण किया और 05 एकड़ क्षेत्र में 07 मीटर गहरी लैण्डफिल साईट की आवश्यकतानुसार मरम्मत कराने, सफेद चादर को बदलने, पाईप लाईन ठीक कर लैण्डफिल साईट को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने आदमपुर छावनी में स्थापित सभी ट्रामल मशीनों को पूरी क्षमता से संचालित कर कचरे का निष्पादन शीघ्रता से करने और 09 एकड़ क्षेत्र को जल्दी से जल्दी क्लियर करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने प्रतिदिन 15 गाड़ी आर.डी.एफ का परिवहन, विक्रय करने और प्रत्येक गाड़ी का फोटो सहित रिकार्ड संधारित करने एवं सतत् रूप से मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने खंती में आने वाले ताजे कचरे का निष्पादन शीघ्रता से करने और विंडो के माध्यम से गीले कचरे से शीघ्र खाद बनाकर स्थान रिक्त करने, खाद का परिवहन

# प्रदूषण की समय पर जांच कराने हेतु वाहन स्वामियों में जागरूकता उत्पन्न करने ट्रॉफिक पुलिस अभियान चलाए

**भोपाल ।** शहर में वाहन प्रदूषण की जांच (पी.वी.सी.) समय पर कराने में वाहन स्वामियों में अरूचि के दृष्टिगत निगम आयुक्त श्री के.वी.एस.चौधरी ने आर.टी.ओ. कार्यालय, ट्रॉफिक पुलिस एवं प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों की बैठक आहूत कर वाहनों में प्रदूषण की जांच समय पर कराने के प्रति वाहन स्वामियों में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु ट्रॉफिक पुलिस के माध्यम से अभियान चलाने को कहा है। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने कहा है कि प्रायः यह देखने में आ रहा है कि अधिकांश वाहन स्वामियों में अपने वाहनों के प्रदूषण नियंत्रण की जांच के प्रति अरूचि है और ऐसे में वाहनों के प्रदूषण से पर्यावरण एवं आमजन के स्वास्थ्य को क्षति पहुंचने की संभावना है। ऐसे में वाहन स्वामियों/चालकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाना आवश्यक है। बैठक में



ए.आर.टी.ओ. सुश्री अन्फा खान, अपर आयुक्त श्री एम.पी.सिंह, डी.एस.पी. ट्रॉफिक श्री जी.बी.रावत के अलावा प्रदूषण जांच के मोबाइल यूनिट्स व पेट्रोल पम्प संचालक आदि मौजूद थे। निगम आयुक्त श्री के.वी.एस.चौधरी ने राजधानी में पर्यावरण संरक्षण एवं वाहन स्वामियों में वाहनों की प्रदूषण संबंधी जांच कराने के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के दृष्टिगत क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, ट्रॉफिक पुलिस, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मंडल के अधिकारियों एवं प्रदूषण जांच मोबाइल यूनिट्स/पेट्रोल पम्प संचालकों की बैठक आहूत कर वाहन चालकों में पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर वाहनों की जांच समय पर कराने एवं प्रदूषणमुक्त वातावरण बनाने हेतु जागरूकता उत्पन्न करने हेतु अभियान चलाने को कहा। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने बैठक में कहा कि मेरे संज्ञान में आया है कि शहर में आमतौर पर नागरिक अपने वाहनों की प्रदूषण संबंधी जांच समय पर नहीं करा रहे है और पर्यावरण संरक्षण और वाहन प्रदूषण रोकने में भी उनकी अरूचि है। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत ट्रॉफिक पुलिस भी जागरूकता अभियान चलाए और अपने शहर को प्रदूषण मुक्त शहर बनाने में संबंधित विभागों के साथ ही मोबाइल यूनिट्स/पेट्रोल पम्प संचालक भी सहयोग करें।

# देश में खाद की कोई कमी नहीं, वितरण व्यवस्थित होः मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। जरूरत इस बात की है कि किसानों को खाद का वितरण व्यवस्थित तरीके से हो। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज निवास पर कृषि, सहकारिता, मार्कफेड और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ खाद की समीक्षा की।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि खाद वितरण की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आये। लापरवाही और शिकायत सामने आने पर संबंधितों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। किसी भी स्थिति में उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। गड़बड़ी पाये जाने पर जेल की सजा भी हो सकती है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि खाद की ऑफलाइन बिक्री के दौरान खाद की ब्लैक मार्केटिंग हरगिज न होने पाये। किसानों को बिना किसी परेशानी के खाद उपलब्ध हो। जिलों के कलेक्टर्स से समन्वय कर खाद का वितरण ठीक ढंग से कराना सुनिश्चित करें।

### कलेक्टर्स खाद की उपलब्धता का प्रचार- प्रसार कराएँ

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मुरैना एवं भिण्ड जिले के कलेक्टर को खाद वितरण व्यवस्था को बनाये रखने और समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के लिए अक्टूबर माह में 2 लाख 12 हजार मीट्रिक टन खाद का आवंटन मंजूर हुआ है। पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है, जिसके वितरण में गड़बड़ी की शिकायतें सामने नहीं आयें। उन्होंने कहा कि खाद की उपलब्धता का प्रचार-प्रसार अच्छे ढंग से करायें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि एनपीके खाद भी डीएपी खाद की तरह ही प्रभावी है। किसानों को इसका वितरण भी ठीक ढंग से सुनिश्चित करायें। बैठक में अपर मुख्य सचिव कृषि एवं सहकारिता अजीत केसरी, कृषि उत्पादन आयुक्त शैलेंद्र सिंह, एमडी मार्कफेड पी. नरहरि, संचालक कृषि श्रीमती प्रीति मैथिल नायक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री रैगांव, प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वीपुर में फहरायेंगे विजय संकल्प ध्वज

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी 15 अक्टूबर विजयादशमी पर्व पर विजय संकल्प ध्वज कार्यक्रम आयोजित करेगी। खंडवा लोकसभा, रैगांव, पृथ्वीपुर और जोबट विधानसभा के 3068 बूथां पर कार्यकर्ता पार्टी का ध्वज लगाकर विजय का संकल्प लेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सतना के सेमरवारा एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा पृथ्वीपुर के मोहनगढ़ में विजय संकल्प ध्वज फहराएंगे। यह जानकारी चुनाव प्रबंध समिति के संयोजक एवं नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने गुरूवार को विजय संकल्प ध्वज कार्यक्रम की प्रचार सामग्री और हैशटेग का अनावरण करते हुए दी। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी एवं चुनाव प्रबंध समिति के सदस्यगण मौजूद थे। भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि विजयादशमी पर उपचुनाव वाले क्षेत्रों के 3068 बूथ केंद्रों पर विजय संकल्प ध्वज का कार्यक्रम होगा। पार्टी कार्यकर्ता हर बूथ पर ध्वज फहराकर उपचुनाव में जीत का संकल्प लेंगे। 55 स्थानों पर पार्टी के वरिष्ठ नेतागण कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सतना जिले की रैगांव विधानसभा के सेमरवारा एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर के मोहनगढ़ स्थित बस स्टैण्ड क्षेत्र में ध्वज फहराएंगे। इसी प्रकार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय खंडवा लोकसभा के बड़वाह में, केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते पृथ्वीपुर के मोहनगढ़ आदिवासी बस्ती के कार्यक्रम में शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल पृथ्वीपुर के जेरोन, वीरेन्द्र कुमार खटीक दिगोड़ा में, विजय शाह मान्धाता, हरदीप सिंह डंग खण्डवा, मोहन यादव पंधाना, तुलसी सिलावट नेपानगर, इंदरसिंह परमार बुरहानपुर के कार्यक्रम में शामिल होकर ध्वज फहराएंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ कार्यक्रम में मंत्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष के साथ मंत्री भूपेन्द्र सिंह मौजूद रहेंगे।

# कांग्रेस ने चुनाव आयोग को आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं चुनाव कार्य प्रभारी जेपी धनोपिया ने गुरुवार को चुनाव आयोग को तीन अलग अलग शिकायतें सोपते हुए आचार संहिता के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है। धनोपिया ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 40 लाख लाडली लक्ष्मीओ को संबोधित कर उपचुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य आचार संहिता का उल्लंघन किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक लोक सभा और 3 विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव चल रहे हैं जहां 30 अक्टूबर को मतदान होना है ऐसे में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा उक्त क्षेत्रों में मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य भोपाल के मिंटो हाल में कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेश की 40 लाख लाडली लक्ष्मीओ को संबोधित कर अपनी सरकार के गुड़गान किए । जहां-जहां चुनाव हो रहे हैं वहां भी लाडली लक्ष्मी को लाभ के उद्देश्य यह घोषणाएं की गई हैं। धनोपिया ने शिवराज सिंह से सवाल पूछते हुए कहा कि 14 साल बाद इस तरह की घोषणा करने का क्या औचित्य है सिवाय इसके कि उपचुनाव के मतदान मे मतदाताओं को प्रभावित कर सकें ।धनोपिया ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई 40 लाख लाडली लक्ष्मी योजना के कार्यक्रम को रोका जावे। उपचुनाव वाले क्षेत्रों में यदि फिर भी कार्यक्रम आयोजित होता है तो उनके विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जावे ।

वही धनोपिया ने एक और शिकायत में है कि पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र की भौगोलिक सीमा उत्तर प्रदेश से लगी होने एवं भाजपा प्रत्याशी के उत्तर प्रदेश से संबंध होने से अवांछित तत्व की आवाजाही बढ़ने के कारण विशेष पुलिस बल परीक्षक नियुक्त करने की चुनाव आयोग से मांग की है धनोपिया ने कहा कि पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव प्रक्रिया का पालन कराने के लिए आवश्यक है कि प्रदेश से बाहर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को विधानसभा क्षेत्र मैं विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाए जिनकी देखरेख में कानून व्यवस्था शांतिपूर्ण तरीके से कायम रखी जा सके क्योंकि क्षेत्र में कई पुलिस अधिकारी 3 बरसों से अधिक अवधि से पदस्थ है एवं उन्हें भाजपा नेताओं का संरक्षण प्राप्त हो रहा है इसलिए वे खुलकर कांग्रेसी नेताओं कार्यकर्ताओं एवं आम जनों में भय का वातावरण निर्मित कर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का कार्य कर रहे हैं। एक अन्य शिकायत में धनोपिया ने जोबट विधानसभा क्षेत्र से संबंधित जिला अलीराजपुर के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज कराने के कारण पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण की मांग चुनाव आयोग से की है ।

धनोपिया ने कहा कि अलीराजपुर के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह भारतीय जनता पार्टी के दबाव में कार्य कर रहे हैं एवं उनके द्वारा चिन्हित कर कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित कर उन पर झूठे प्रकरण लगाकर उन्हें फंसाने का काम कर रहे हैं जिसका ताजा उदाहरण जोबट विधानसभा क्षेत्र के चंद्रशेखर आजाद नगर भाबरा क्षेत्र के दिग्गज कांग्रेसी नेता नारायण अरोड़ा जो कि व्यवसाई हैं उन्हें झूठे मामले में फंसा कर प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल गिर रहा है एवं आमजन भी भाजपा के खिलाफ बोलने में डर रहे हैं। धनोपिया ने उक्त तीनों शिकायतों पर कार्रवाई करने के लिए चुनाव आयोग से मांग की है तथा संबंधित के विरुद्ध आचार संहिता के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

# कमलनाथ उपचुनाव वाले क्षेत्रों में 17 से तूफानी दौरे पर मंडल से लेकर बूथ तक के कार्यकर्ताओं को एक्टिव करेंगे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में होने वाले उपचुनाव के मद्देनजर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ तूफानी दौरे की तैयारी कर रहे हैं। कमलनाथ 17 अक्टूबर को छतरपुर जिले के खजुराहो पहुंचेंगे। उसके बाद निवाड़ी जिले की पृथ्वीपुर विधानसभा के जेरोन में सभा लेंगे। इस कार्यक्रम के बाद कमलनाथ मंडल-सेक्टर-बूथ के पदाधिकारियों की बैठक लेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे।

जानकारी के मुताबिक, 18 अक्टूबर को पूर्व मुख्यमंत्री बुरहानपुर जिले के नेपानगर पहुंचेंगे। यहां धूलकोट में जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा के बाद वे खंडवा जिले की मांधाता विधानसभा के पुनासा पहुंचेंगे। यहां भी वे जनता से रूबरू होंगे। 19 अक्टूबर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ सतना पहुंचेंगे। यहां रैगांव विधानसभा के सिंहपुर आने के बाद पटपरनाथ धाम में भगवान शिव के दर्शन करेंगे। मंदिर के बाद वे मंडल-सेक्टर-बूथ के पदाधिकारियों की बैठक लेंगे और जनता को संबोधित करेंगे। कमलनाथ 20 अक्टूबर को देवास जिले की बागली विधानसभा के पुंजापुरा जाएंगे। यहां जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद खंडवा जिले की पंधाना विधानसभा जाएंग। यहां भी वे जनता से रूबरू होंगे।



**कांग्रेस ने हिंदुत्व के मुद्दे को बनाया हथियारः** कांग्रेस भी भाजपा को टक्कर देने के लिए हिंदुत्व के मुद्दे को हथियार बना रही है। उसने उपचुनाव में बंटवाने के लिए श्रीराम लेखन की पुस्तिका छपवाई है। इसमें भगवान राम के साथ ही कांग्रेस नेताओं की फोटो छपी हैं, जिसके जरिए हिंदू वोटों की लॉबिंग की जाएगी। इंदौर संभाग की खंडवा लोकसभा और जोबट विधानसभा सीट समेत चार सीटों पर हो रहे उपचुनाव में जैसे जैसे मतदान की तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे वैसे भाजपा और कांग्रेस के बीच चुनावी घमासान तेज होता जा रहा है। कांग्रेस उपचुनाव में राम के सहारे नैया पार लगाने की जुगत में लग गई है। यही वजह है कि चुनाव वाले क्षेत्रों में श्रीराम लेखन की पुस्तिकाएं बंटवाने जा रही है।

**अयोध्या की फ्री में सैरः** इस एक पुस्तक में 11 हजार बार राम का नाम लिखना होगा। जो लोग इसमें राम नाम लिखेंगे उन्हें अयोध्या की फ्री में सैर कराई जाएगी। इस पुस्तक पर भगवान राम के साथ कांग्रेस नेताओं की फोटो छपी हैं। इस पुस्तक को बांटने वाले कांग्रेस के प्रदेश सचिव विवेक खंडेलवाल का कहना है भाजपा सिर्फ वोट के लिए राम के नाम का उपयोग करती है, लेकिन असल राम राज्य तो कांग्रेस सरकार ही लाएगी। राम मंदिर की बात करने वाली भाजपा को भी मालूम है कि राम मंदिर का ताला स्वर्गीय राजीव गांधी ने ही खुलवाया था। इस पुस्तक को आम लोगों तक पहुंचाया जाएगा और उन्हें बताया जाएगा कि राम के नाम पर कांग्रेस वोट नहीं मांगती है बल्कि प्रभु श्रीराम के सुशासन को लागू करने का काम भी करती है।

### 17 अक्टूबर, रविवार

-सुबह 11:00 बजे -छतरपुर जिले के खजुराहो में आगमन।

-11:45 पर निवाड़ी जिले की पृथ्वीपुर विधानसभा के जेरोन में आगमन।

-12:00 बजे मंडल-सेक्टर-बूथ के पदाधिकारियों की बैठक।

-जनसभा

18 अक्टूबर, सोमवार

-11.25 पर बुरहानपुर जिले के नेपानगर के धूलकोट में आगमन।

-11.30 बजे -जनसभा

-12.55 बजे -खंडवा जिले की मांधाता विधानसभा के पुनासा में आगमन।

## नैनो न्यूज

### जिला स्तरीय कुश्ती चयन ट्रायल आज

**ग्वालियर।** जिला खेल परिसर कंपू पर जिला स्तरीय सीनियर महिला पुरुष कुश्ती चयन ट्रायल 16 अक्टूबर शनिवार की सुबह 9ः00 बजे से आयोजित की गई है। जिला कुश्ती संघ से मिली जानकारी के अनुसार चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए इच्छुक पहलवान आधार कार्ड एवं आयु प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित हो सकते हैं ।भाग लेने वाले पहलवान की आयु 19 वर्ष से ऊपर होनी चाहिए ।चयनित पहलवानों को इंदौर में होने वाली 66वी पुरुष सीनियर फ्री स्टाइल ग्रीको रोमन स्टाइल एवं 24 वी महिला फ्रीस्टाइल राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में ग्वालियर जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। यह प्रतियोगिता 23-24 अक्टूबर को होगी।

### भारत दर्शन यात्रा 21 से

**ग्वालियर।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन द्वारा भारत दर्शन यात्रा के तहत 21 अक्टूबर से प्रयागराज से 4 ज्योतिर्लिंग और गुजरात स्थित स्टेचू ऑफ यूनिटी के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। यह यात्रा 10 रात और 11 दिन की होगी ।इसमें मध्य प्रदेश स्थित महाकालेश्वर ओमकारेश्वर और गुजरात स्थित सोमनाथ एवं नागेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं द्वारका में द्वारकाधीश मंदिर बैठ द्वारिका मंदिर अहमदाबाद में साबरमती आश्रम और स्टेचू ऑफ यूनिटी के दर्शन कराए जाएंगे ।साथ ही राजस्थान के उदयपुर में सिटी पैलेस सहेलियों की बाड़ी महाराणा प्रताप स्मारक का भ्रमण भी ट्रेन के माध्यम से कराया जाएगा ।इस ट्रेन में स्लीपर कोच का किराया प्रति व्यक्ति ?10395 तय किया गया है। इसमें यात्रियों को नाश्ता दोनों समय का भोजन एवं बसों के माध्यम से स्थानीय यात्रा कराई जाएगी ।यात्रा 31 अक्टूबर तक चलेगी। यात्री वेबसाइट पर बुकिंग कर सकते हैं।

### अवार्ड नाइट आज

**ग्वालियर।** द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ़ लायंस क्लब की अवॉर्ड नाइट का आयोजन 16 अक्टूबर की शाम 6ः00 से साईं सरोवर में होगी। इसमें सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा ।इसके अलावा सेवा सप्ताह में शामिल सदस्यों को अवार्ड दिए जाएंगे । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांत पाल सुनील गोयल होंगे ।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### बेटे की सगाई का झांसा देकर युवक 22 हजार और हार लेकर गायब

**ग्वालियर।** ग्वालियर थाना क्षेत्र के मंगलेश्वर रोड पर बेटे की सगाई का झांसा देकर एक युवक ने पहले लड़की वालों को लाने के लिए दो हजार रुपए दिए और इसी बीच ढंग अलमारी में रखा ढाई तोला वजनी सोने का हार व 22 हजार रुपए ले गया। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और संदेहों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्वालियर थाना क्षेत्र के मंगलेश्वर रोड निवासी ओमप्रकाश प्राइवेट जॉब करते हैं। पिछले कुछ दिनों से वह अपने बेटे की सगाई के लिए चिंतित थे। बीते रोज उनकी एक युवक से मुलाकात हुई और युवक ने बेटे की सगाई कराने का आश्वासन दिया। इस पर युवक ने उन्हें घर दिखाने को कहा, तो वह उसे अपने पर लेकर आया और घर देखने के बाद उसने बताया कि दो दिन बाद वह एक युवती व उसके परिजनों को लेकर वाला है। लड़की का परिवार गरीब है और वह ज्यादा दान दहेज नहीं दे पाएगे। इस पर वह भी सहर्ष तैयार हो गए और उन्होंने युवती व उसके परिजनों को लाने के लिए उसे दो हजार रुपए दिए। साथ ही बताया कि अगर बात फाइनल होती है तो वह युवती को हार पहनाकर सगाई कर देंगे। इसी बीच युवक ने मौका पाकर हार और अलमारी में रखे 22 हजार रुपए लेकर चला गया। वारदात का पता उन्हें शाम को चला तो वह थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# युवक बीवी, बच्चों के साथ डिपार्टमेंटल स्टोर में आया, यहां वहां देखा और कमर में पतंजलि घी का डिब्बा छुपाकर ले गया



**ग्वालियर।** ग्वालियर में शुक्रवार शाम सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है। यह वीडियो में एक युवक अपनी बीवी, दो बच्चों के साथ डिपार्टमेंटल स्टोर में शॉपिंग करने आता है और अपने कमर में पंतजलि घी का डिब्बा छुपाकर ले जाता है। जबकि युवक ने स्टोर से कोई शॉपिंग भी नहीं की। इस पर संदेह हुआ। जब स्टोर के संचालक ने अंदर लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे के फुटेज खंगाले तो पूरी घटना कैमरे में रिकॉर्ड हुई। फुटेज में दिख रहा युवक उनका रेगुलर कस्टमर है। हर दूसरे या तीसरे दिन शॉप पर आता है। शॉप संचालक ने उसे कॉल किया तो उसने फुटेज को भी मानने से इनकार कर दिया है। इसके बाद शॉप संचालक शिकायत करने हजीरा थाना पहुंच गए हैं। हजीरा निवासी विनित सिंह व्यवसायी हैं। चार शहर का नाका पर उनकी गायत्री डिपार्टमेंटल स्टोर के नाम से शॉप है। गुरुवार शाम 6.30 बजे एक कस्टमर अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ गायत्री स्टोर पर पहुंचा। यहां बच्चों ने कुछ चिप्स के पैकेट उठाए, लेकिन युवक ने मना कर दिया। इसके बाद युवक स्टोर की उसी लाइन में सबसे आखिर में पहुंचा और एक डिब्बा अपने कमर में पेंट के पीछे छुपाया, लेकिन डिब्बा गिर गया। इसके बाद वह वापस लौटा और फिर यहां वहां देखकर अपना पेंट कुछ टाइट किया और फिर एक डिब्बा अंदर रखा और बच्चों को लेकर बाहर की तरफ निकल गया।

### सीसीटीवी कैमरे से पूरा खुलासा

डिपार्टमेंटल स्टोर के संचालक विनित सिंह ने जब देखा कि अभी जो आया वह रेगुलर कस्टमर है। हर दूसरे या तीसरे दिन आता है, लेकिन एक बार शॉपिंग करता है और दो बार बिना कुछ लिए जाता है। ऐसे में उन्होंने तत्कालष्टष्टञ्जङ्क कैमरे चेक किए। जिस पर यह युवक हरकत करते नजर आया है। रेगूलर कस्टमर है इसलिए उसका नाम जगदीश उन्हें पता था। जगदीश खुद को किसी इंजीनियरिंग संस्थान में पदस्थ कर्मचारी बताता है।

### बात की, लेकिन गलती नहीं मानी तो की शिकायत

विनित सिंह ने बताया कि पहले कस्टमर होने पर हमले जगदीश को कॉल कर उसकी गलती मानने का मौका दिया, लेकिन वह फुटेज होने के बाद भी गलती मानने को तैयार नहीं था। जिसके बाद मजबूरी वश हमको हजीरा थाना में शिकायत करनी पड़ी।

# 200 साल से सिंधिया का राजशाही दशहराः मंत्री ज्योतिरादित्य ने किया दशहरा पूजन

**ग्वालियर।** ग्वालियर में शुक्रवार को विजयदशमी पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने घराने की 200 साल पुरानी परंपरा के अनुसार मांढरे की माता मंदिर के पास स्थित मैदान में शमी के वृक्ष की पूजा की। इस मौके पर उनके बेटे आर्यमन भी राजसी पोशाक में साथ नजर आए। सिंधिया परिवार के पुरोहित ने विधि-विधान के साथ पहले पूजन कराया।

इसके बाद सिंधिया ने शमी के वृक्ष पर तलवार चलाकर उसकी सोना पत्तियां गिराईं। वहां मौजूद सिंधिया परिवार के करीबी सरदारों और उनके वंशज ने यह पत्तियां लूटीं। इससे पहले सिंधिया, आर्यमन के साथ गोरखी स्थित देवघर पहुंचे। यहां उन्होंने राजसी चिन्हों का पूजन किया। हर वर्ष सिंधिया घराने के मुखिया यहां आकर पूजा करते हैं। इस मौके पर सिंधिया ने सभी शहरवासियों को दशहरा की शुभकामनाएं। दशहरा के मौके पर शुक्रवार दोपहर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, उनके सुपुत्र



महाआर्यमन राजसी पोशाक पहनकर गोरखी देवघर पहुंचे। यहां उन्होंने राजसी पद चिन्हों का पूजन किया। इसके बाद वह शाम को मांढरे की माता मंदिर पहुंचे और यहां सामने मैदान पर शमी पूजन किया। यहां उन्होंने सिंधिया घराने की करीब 200 साल पुरानी परंपरा के आधार पर पूजन किया। इसके बाद शमी के वृक्ष की पूजा करने के बाद तलवार चलाई, जिससे सोना पत्ती उड़कर जमीन पर गिरीं। जिनको सालों साल पुरानी परंपरा के अनुसार सिंधिया घराने के सरदारों ने लूटा। माना जाता है कि यह पत्तियां बहुत शुभ होती हैं।

**इसलिए करते हैं शमी के वृक्ष की पूजाः** विजयादशमी के दिन शमी के वृक्ष के पूजन का महत्व है। क्षत्रिय समाज में भी इसके पूजन की विशेष



मान्यता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार महाभारत युद्ध से पहले अपने अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने इसी वृक्ष के ऊपर अपने हथियार छुपाए थे। उसके बाद उन्होंने युद्ध में कौरवों पर विजय प्राप्त की। इस पेड़ के पत्तों को सोना पत्ती कहा जाता है। इस कारण घर या समाज का मुखिया पूजन के बाद इसकी पत्तियों को बांटते हैं। मान्यता है कि विजयादशमी के दिन शमी वृक्ष का पूजन करने से धन, वैभव, सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसीलिए राजा-महाराजा भी राज्य और प्रजा की खुशहाली की कामना को लेकर पूजन करते थे।

**200 साल पुरानी है परंपराः** 200 साल से सिंधिया घराने के मुखिया हर दशहरा पर शमी पेड़ की विशेष पूजा-अर्चना करता आ रहे हैं।

### ऑनलाइन पिज़्ज़ा 37 हजार 900 का पड़ा

**ग्वालियर।** एक युवक को ऑनलाइन पिज़्ज़ा मंगाना महंगा पड़ गया पिज़्ज़ा का ऑर्डर कैंसिल होने के बाद युवक ने हेल्पलाइन नंबर पर फोन किया वहां से आए लिंक हो जैसे युवक ने ओपन किया वैसे ही उसके खाते से 37900 रुपये निकल गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार दहाड़ निवासी रामनारायण सिंह मुरार की बंसी पुरा में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही हैं ।2 दिन पहले उनका दोस्त सत्येंद्र आया था ।खाना खाने के बाद रामनारायण ने ऑनलाइन दो पिज़्ज़ा बनाने का ऑर्डर किया ।भुगतान हो जाने के बाद उनका ऑर्डर कैंसिल हो गया ।इस पर उन्होंने गूगल पर हेल्पलाइन नंबर सर्च कर निकाला और उस पर फोन किया। फोन करने वाले ने रामनारायण को एक लिंक भेज कर कहा कि इसे ओपन करते ही उनके ऑर्डर की रकम

# बेटे की सगाई करवाने का दिया झांसा, घर देखने के लिए अंदर पहुंचा अलमारी से पार कर ले गया गहने और कैश




**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक पुरुष के बेटे की सगाई कराने का झांसा देकर युवक ने मेल जोल बढ़ाया। इसके बाद रिश्ता कराने से पहले उनका घर अंदर से देखने की इच्छा जाहिर की। इतना ही नहीं दो दिन बाद लड़की वालों को घर लाना भी पक्का कर लिया। बदले में 2 हजार रुपए मांगे। लड़के वालों ने जब अलमारी से दो हजार रुपए दिए तो उसी समय युवक ने एक गिलास पानी मांगा और अंदर रखे 3 तौला का हार, 22 हजार रुपए नकद पार कर दिए। घटना गुरुवार की है। चोरी का पता चलते ही पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद शुक्रवार को चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। संदेही की तलाश की जा रही है।

उपनगर ग्वालियर के मंगलेश्वर रोड निवासी ओम प्रकाश एक निजी कंपनी में बतौर सुपर वाइजर जॉब करते हैं। काफी समय से वह अपने बेटे की सगाई के लिए परेशान थे। कई जगह मैरिज ब्यूरो और समाज के लोगों को बता चुके थे कि कोई अच्छे घर या अच्छी लड़की का रिश्ता आए तो बता देना। गुरुवार उनकी एक युवक से मुलाकात हुई। युवक ने अपनी पहचान अमित तिवारी के रूप में दी और कहा उसका काम ही सगाई कराना है। हर जाति और समाज के लड़के लड़कियों की लाइन लगी है। युवक ने ओम प्रकाश के बेटे की सगाई कराने का आश्वासन दिया। इस पर युवक ने उन्हें घर दिखाने को कहा, तो वह उसे अपने घर लेकर आए । घर देखने के बाद उसने बताया कि दो दिन बाद वह एक युवती व उसके परिजन को लेकर आने वाला है। लड़की का परिवार गरीब है और वह ज्यादा दान दहेज नहीं दे पाएगे। इस पर वह भी आसानी से तैयार हो गए और उन्होंने युवती व उसके परिजनों को लाने के लिए उसे दो हजार रुपए दिए। साथ ही बताया कि अगर बात पक्की होती है तो वह युवती को हार पहनाकर सगाई कर देंगे। हार दिखाने और दो हजार रुपए एडवांस देने के लिए ओम प्रकाश ने अपनी अलमारी उसी के सामने खोली। इसके बाद अमित ने एक गिलास पानी मांगा। वह पानी लेने गए और इसी बीच युवक ने मौका पाकर हार और अलमारी में रखे 22 हजार रुपए पार कर दिए। वारदात का पता उन्हें शाम को चला तो वह थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

**रिश्ता कराने के बहाने चोरी का संदेहः** ओम प्रकाश ने जब शाम को किसी काम से अलमारी खोली तो चोरी का पता लगा। इसके बाद उन्हें पूरा सीन याद आया कि अमित ने ही हार देखते समय पानी मांगा था।

# पड़ोसियों से तंग होकर जहर खा दी जान



**ग्वालियर।** ग्वालियर में मंदिर जाने की कहकर निकले एक अधेड़ ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली। घटना गोला का मंदिर चौराहे की है। घटना का पता उस समय चला जब जब अधेड़ अचानक गिरा और मुंह से झाग आने लगा तो वहां पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। पुलिस की तलाशी में एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने पडोसियों की पिटाई और बेइज्जती की वजह से आत्महत्या की बात कही है।

गोला का मंदिर थाना प्रभारी विनय शर्मा ने बताया कि रात करीब 11 बजे एक अधेड़ गोला का मंदिर चौराहे पर खड़ा था। अचानक वह गिरा और उसके मुंह से झाग आने लगा। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की तो पता चला कि अधेड़ की मौत हो चुकी है। मृतक की तलाशी ली तो उसकी पहचान पड़ाव के लक्ष्मणपुरा निवासी बालकिशन शाक्य (55) पुत्र नाथूराम शाक्य के रूप में हुई। इसका पता चलते ही मृतक के परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और जांच के बाद उनकी शिनाख्त की।

### शीतला दर्शन की कहकर निकला था

मृतक के परिजन ने बताया कि बालकिशन शाक्य ड्राइवर है और सुबह घर से शीतला माता मंदिर के दर्शन की कहकर निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं आया। वापस ना आने पर उनकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला तो शाम को उनकी लापता होने की शिकायत पड़ाव थाने में की। जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है।

### पड़ोसी से परेशान होकर दे रहा हूं जान

मृतक के पास से पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने पड़ोस में रहने वाले चार युवकों पर जबरन मकान खाली करने के लिए मारपीट करने तथा परेशान करना बताया है। उसने लिखा है हेमंत, मनोज और उनके दो साथी कभी भी आकर मारपीट करते हैं। सड़क पर धमकाते हैं। जिस कारण मेरी बेइज्जती होती है। साथ ही लिखा है कि उनकी प्रताड़ना से तंग आकर ही मैं जान दे रहा हूं। अब पुलिस पता लगा रही है कि यह मकान का विवाद क्या है और यह हेमंत और मनोज कौन हैं।

# सुहागरात पर दुल्हन बोली- मेरा रेप हो चुका हैः पति बोला- बात क्यों छिपाई, शादी के 25 दिन बाद ही लगाई तलाक की अर्जी

**ग्वालियर।** ग्वालियर में सुहागरात पर ही पति-पत्नी के रिश्ते बिगड़ गए। दोनों ने कसम खाकर तय किया था कि वे अपने दिल की बात बताएंगे। शुरुआत पत्नी से हुई। पत्नी ने रोते हुए बताया कि उसके मामा के लड़के ने उसका रेप किया था। इस पर पति ने कहा कि यह बात छिपाई क्यों, पहले बताना चाहिए। अगले दिन पति ने ये बात अपने पूरे परिवार को बता दी और शादी के 25 दिन बाद ही फैमिली कोर्ट में तलाक के लिए आवेदन लगा दिया। मामला फिलहाल कोर्ट में है। पति ने कोर्ट में कहा कि यह बात उनसे छिपाई गई, यह गलत था। वहीं, इस मामले में गुरुवार को महिला पक्ष से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। कोर्ट ने सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। ग्वालियर निवासी 25 साल का युवक एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। दिसंबर 2019 में परिवार ने उसकी शादी धूमधाम से की। 22 साल की दुल्हन ससुराल पहुंची। सुहागरात को ही दूल्हे को पता लगा कि उसकी पत्नी दुष्कर्म पीड़िता है। यह बात खुद महिला ने अपने पति को बताई। यह पता चलते ही पति बौखला गया। उसका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उसने अपने परिजन के सामने सारी बात रखी। फैमिली कोर्ट में तलाक के लिए केस दायर किया। बीच में कोविड के चलते लंबे समय तक कोर्ट बंद रही। युवक ने तलाक लेने का आधार पत्नी के दुष्कर्म पीड़ित होना नहीं, बल्कि शादी से पहले उसे यह बात छिपाकर धोखा देना बनाया है।

# विजयदशमीं पर पुलिस लाइन में पूजे शस्त्र, एसएलआर राइफल से IG, DIG व SP ने किए फायर

**ग्वालियर।** ग्वालियर में दशहरा की सुबह पुलिस लाइन गोलियों की आवाज से गूंज उठी। एक के बाद एक गोलियों की आवाज से आसपास के लोग सकते में आ गए फिर समझ में आया कि पुलिस अफसर विजय दशमीं (दशहरा) का त्यौहार बना रहे हैं। दशहरा के मौके पर पुलिस लाइन में पारंपरिक पहनावे व अंदाज में शस्त्रों का पूजन किया गया। इसके बाद IG, DIG व SP सहित अन्य पुलिस अफसरों ने SLR राइफल से गोलियां चलाकर बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाया। इस दौरान ग्वालियर स्क्कअमित सांघी बार-बार पूछते नजर आए पिस्टल की गोलियां कहां हैं। उस समय पिस्टल में गोलियां नहीं थीं। उनकी इच्छा पिस्टल से फायर करने की थी। बुराई पर अच्छाई तथा असत्य पर सत्य की विजय के पर्व विजयादशमी पर पुलिस विभाग में भी शस्त्र पूजन करने की परंपरा रही है। इसी परंपरा के अनुसार पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में हुए कार्यक्रम में पूरे विधि विधान एवं नियमों के अनुसार शस्त्रों एवं पुलिस के वाहनों का पूजन किया गया। साथ ही जिलें की खुशहाली एवं उन्नति के लिए हवन का आयोजन भी किया गया। शस्त्र पूजन एवं हवन कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ समस्त जिलेवासियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी गई। पुलिस लाइन ग्वालियर में आयोजित दशहरा पूजन कार्यक्रम में ढ्ढत्र अविनाश शर्मा, छ्ढ्ढत्र राजेश हिंगणकर, स्क्क





ग्वालियर अमित सांघी,, स्क्क सतेन्द्र सिंह तोमर, हितिका वासल, जयराज कुबेर, ऋ्ढ्ढ रंजीत सिंह सबसे पहले हवन में भाग लेकर खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इसके बाद पुलिस विभाग के सबसे पुरानी राइफल-303 सहित आधुनिक पिस्टल व गन का पूजन किया गया। शस्त्रों एवं वाहनों का पूजन करते हुए विश्व शांति, समृद्धि, राष्ट्रीय एकता के लिए प्रार्थना की गई । साथ ही वर्तमान में कोरोना संक्रमण के मुश्किल समय में पुलिस की भूमिका का निर्वहन तथा जिम्मेदारियों को पूरा कर पाने के लिए प्रेरणा एवं शक्ति की प्रार्थना करते हुए जिलेवासियों के लिए शांति, सौहार्द एवं संपन्नता की कामना की गई।

**पहली गोली ढ्ढत्र ने चलाई फिर चलीं गोलियांः** ग्वालियर पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन के बाद शस्त्रों का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर ढ्ढत्र ग्वालियर जोन अविनाश शर्मा ने एसएलआर राइफल से पहला हर्ष फायर किया। इसके बाद छ्ढ्ढत्र राजेश हिंगणकर, स्क्कअमित सांघी, ASP सतेन्द्र तोमर, ASP हितिका वासल, ASP जयराज कुबेर व रक्षित निरीक्षक रंजीत सिंह ने गोलियां चलाकर दशहरा मनाया।

**त्यौहार ऐसे मनाए दूसरों को परेशानी न होः** दशहरा के अवसर पर ढ्ढत्र ग्वालियर ने शहर के लोगों से अपील की है कि त्यौहार इस तरह मनाएं कि किसी दूसरों को परेशानी न हो। दशहरा पर जगह-जगह आयोजन होंगे इसलिए कोविड गाइडलाइन का जरूर ध्यान रखें। घरों को सूना न छोड़ें। पुलिस पेट्रोलिंग करेगी, लेकिन आप भी सतर्क रहें। SP अमित सांघी ने कहा है कि दशहरा पर पूरे शहर में पुलिस अलर्ट मोड पर है। सभी कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए त्यौहार मनाएं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478